इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# विकसित राष्ट्र भी और सधी राजनीति भी, 2.66 लाख करोड़ से बदलेगी गांवों की सूरत; खजाना भी मजबूत



नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार 3.0 का पहला आम बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में स्थापित करने और गठबंधन की राजनीति के बीच सामंजस्य बनाने की व्यावहारिक कोशिश है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकलुभावन घोषणाओं और बिग टिकट रिफॉर्म से परहेज किया है लेकिन आम मध्यम वर्ग को आय कर में कुछ छूट देकर और अगले पांच वर्षों में दो लाख करोड़ रुपये की मदद से 4.10 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की घोषणा के जरिए सरकार ने पिछले आम चुनाव में मनमाफिक परिणाम नहीं आने की वजहों को साधने की कोशिश की है।

### नई सोच का सामने रखा

इसी तरह से बिहार व आंध्रप्रदेश से संबंधित घोषणाओं को आम बजट में प्रमुखता से शामिल होना गठबंधन सरकार की प्रकृति को भी दिखाता है। दूसरी तरफ सरकार राजकोषीय संतुलन स्थापित करने में पूरी तरह से सफल दिखती है और भूमि, श्रम जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अटके पड़े आर्थिक सुधारों को लागू करने के लिए नई सोच को सामने रखा है।

### पेश किया विकसित भारत का रोडमैप

वित्त मंत्री सीतारमण ने लगातार सातवीं बार बजट पेश किया है जो अपने आप में रिकॉर्ड है। उनका बजट अभिभाषण सिर्फ 1.25 घंटे का रहा लेकिन यह फरवरी, 2024 में पेश अंतरिम बजट की सोच व नीतियों की निरंतरता को कायम रखने वाले हैं। अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने आम बजट में विकसित भारत का विस्तृत रोडमैप पेश करना का वादा किया था और मंगलवार को उन्होंने यह किया भी।

## सरकार ने तय की नौ प्राथमिकताएं

विकसित भारत के रोडमैप के तहत नौ प्राथमिकताएं तय की गई हैं जो हैं कृषि में उत्पादकता, रोजगार व कौशल प्रशिक्षण, मानव संसाधन विकास व सामाजिक न्याय, मैन्यूफैक्चरिंग व सर्विस सेक्टर, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन (शोध व विकास) और अगली पीढ़ी के सुधार। गौर से देखा जाए तो इन सभी सेक्टरों में जो घोषणाएं की गई हैं, उनसें से अधिकांश सीधे या परोक्ष तौर पर रोजगार के अवसर को बढ़ाने वाले हैं।

### बिहार और आंध्र प्रदेश को साधा

वित्त मंत्री ने बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए खास तौर पर घोषणाएं की हैं। बिहार की जदयू और आंध्रप्रदेश की टीडीपी केंद्र सरकार में प्रमुख सहयोगी दल हैं। दोनों दलों की तरफ से अपने अपने राज्यों के लिए विशेष पैकेज की मांग की जा रही थी जिसे एक तरह से बजटीय प्रावधानों से पूरा किया गया है। बिहार में एक्सप्रेसवे, बिजली परियोजना, हवाई अड्डों के निर्माण जैसे ढांचागत क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार की तरफ से कुल 60 हजार करोड़ रुपये की मदद देने की घोषणा है जबकि आंध्र प्रदेश को केंद्र की मदद से 15 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय मदद दिलाई जाएगी।

### एंजेल टैक्स होगा खत्म

पीएम ने युवाओं, वंचित वर्ग और ग्रामीण क्षेत्र के विकास को तवज्जो देने संबंधी उपायों की खास तौर पर प्रशंसा की है। ग्रामीण विकास के लिए बजट में 2.66 लाख करोड़ रुपये (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वित्तमंत्री ने किया 57 बार रोजगार शब्द का इस्तेमाल

कोई आश्चर्य नहीं कि वित्त मंत्री के अभिभाषण में रोजगार शब्द का कुल 57 बार इस्तेमाल किया गया है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में एसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने की बात हो या रोजगारपरक उद्योगों के लिए जरूरी कच्चे माल पर आयात शुल्क घटाने का फैसला हो या ज्यादा रोजगार देने के लिए निजी सेक्टर को प्रोत्साहित करने वाली घोषणाएं हो या पांच वर्षों में उद्योग के मुताबिक 20 लाख प्रशिक्षित युवाओं को तैयार करने की घोषणा हो, ये सब रोजगार के मोर्चे पर उठ रहे राजनीतिक सवालों का जवाब दे सकते हैं।

## दो लाख करोड़ खर्च करेगी सरकार

रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार अगले पांच वर्षों में कुल दो लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी और इससे 4.10 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा होने का लक्ष्य रखा गया है। सनद रहे कि एक दिन पहले पेश आर्थिक सर्वेक्षण में वर्ष 2030 तक देश में हर साल 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत बताई गई है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने बजटीय प्रावधानों को लेकर कहा है कि, ÷इससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा और एक विकसित देश बन सकेंगे।

## बजट में क्या महंगा और क्या हुआ सस्ता, यहां देखें पूरी लिस्ट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार 23 जुलाई को संसद में आम बजट पेश कर दिया है। यहां जानिए इस बार के बजट में क्या महंगा और क्या सस्ता हुआ?

**सस्ता**

मोबाइल फोन और चार्जर 15 प्रतिशत, सोना, चांदी, कैंसर की 3 दवा से कस्टम ड्यूटी हटाई, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सोलर पैनल, स्टील और कॉपर से कस्टम ड्यूटी घटाई, चमड़े के सामान, मछलियों के फूड

**महंगा**

टेलीकॉम उपकरण, अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूचरएंड ऑप्शन पर सिक्योरिटी टैक्स, न्यू टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन

## सीएम साय ने ट्वीट कर लिखा अमृतकाल विजन - 2047 का सपना होगा पूरा



रायपुर। मोदी सरकार 3.0 कार्यकाल में पहला आम बजट पेश हो गया है। जिसमें किसानों, महिलाओं और युवओं के लिए बड़े ऐलान किए गए हैं। वहीं इनकम टैक्स के न्यू रिजीम में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। इस बजट को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, 'अमृतकाल विजन - 2047' की स्पष्ट झलक देखने को मिल रही है। विकसित भारत के लिए यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे बताया कि, देश के गरीब, युवा, किसान, महिलाओं और विकास पर केंद्रित यह बजट छत्तीसगढ़ के हर वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी होगा। राज्य के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण फैसले इस बजट में लिए गए हैं। इन घोषणाओं को राज्य में तेजी से लागू किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने की बजट 2024 की तारीफः बोले- शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी, मिडिल क्लास मजबूत होगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट 2024 की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी। यह मिडिल क्लास को नई ताकत देने वाली बजट है। मोदी ने कहा कि बजट में मैनुफैक्चिंग पर भी बल दिया गया है और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी बल दिया गया है। हमें हर गांव और हर घर को एंटरप्रेन्योर बनाना है।

### बजट में बेहतर रोजगार का मौका

देश में गरीबी समाप्त हो, गरीब का सशक्तिकरण हो इस दिशा में आज की बजट में अहम घोषणाएं की गई है। गरीबों के लिए 3 करोड़ घर बनाना तय किया गया। 5 करोड़ आदिवासियों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई है। आज का बजट नए अवसर और नइ ऊर्जा लेकर आया है। बेहतर रोजगार के अवसर का मौका लेकर आया है। आज का बजट भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में कैटेलिस्ट का काम करेगा। विकसित भारत बनाने की दिशा में ठोस नींव रखेगा।

### समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है बजट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। यह बजट देश के गांव, गरीब और किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह नया मिडल क्लास बना है, और यह बजट उनके सशक्तिकरण की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विधानसभा का मानसून सत्र

# रेडी-टू-ईट को लेकर कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरा



### असंतुष्ट विपक्ष ने किया वाक आउट

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। जहां सदन में कांग्रेस की महिला विधायकों ने मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी-टू-ईट का वितरण का सुचारू रूप से नहीं किए जाने पर महिला बाल विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से वॉक आउट कर गया।

विधायक अनिल भेड़िया, सावित्री मंडावी, संगीता सिन्हा ने आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी-टू-ईट वितरण का सुचारू रूप से संचालन नहीं किए जाने पर महिला बाल विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया। अनिला भेड़िया ने सवाल उठाया कि कुछ की जानकारी हुई है। बाकी जिलों का नहीं. इस तरह की शिकायत क्यों आई और क्यों आपूर्ति हुई पोषण आहार में अनुरोध क्यों?

### टेक्निकल इश्यू की वजह से नहीं हुआ रेडी टू ईट फूड सप्लाई

इस पर मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि मैं मानती हूं, कुछ जिलों में टेक्निकल इश्यू की वजह से रेडी टू ईट फूड सप्लाई नहीं हुआ था। अभी के समय में आपूर्ति कर दी गई है।

इस पर सवाल किया कि टेक्निकल प्रॉब्लम क्या थी? मंत्री ने बताया कि थोड़ा बहुत विलंब होता है उसको पूरा कर दिया गया है।

### विधायक सावित्री मंडावी बोलीं- पोषण आहार फफूंद लगा हुआ आया

इस पर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि जितना भी पोषण के लिए आहार आए हैं। उसमें फफूंद लगा हुआ है। इसके लिए क्या अधिकारी पर कार्यवाही करेंगे। मंत्री ने बताया कि कोई भी इसमें दोषी होगा तो उस पर कार्यवाही की जाएगी।

### संगीता सिन्हा बोलीं- रेडी-टू-ईट फूड बंद करने से बच्चे और महिलाएं हो रहे प्रभावित

संगीता सिन्हा ने सवाल किया रेडी-टू-ईट फूड बंद करने से बच्चे और महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। कांग्रेस सरकार में सुपोषण सफल रहा है। लेकिन भाजपा को सरकार में बच्चे और महिलाएं कुपोषित होने लगे हैं। प्रदेश में सुपोषण की स्थिति की जांच कराएंगे क्या? मंत्री ने बताया कि कुछ समय के लिए ये परेशानी आई थी, लेकिन अब फूड समय पर पहुंचा दिया जा रहा है। भुगतान हुआ है, तब रेडी टू ईट फूड आया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# नीट पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला, कहा- दोबारा नहीं होगी परीक्षा




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि उसे एहसास है कि मौजूदा साल के लिए नए सिरे से NEET-UG का निर्देश देना गंभीर परिणामों से भरा होगा, जिसका असर इस परीक्षा में शामिल होने वाले 24 लाख से ज्यादा छात्रों पर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी विवाद को लेकर 40 याचिकाओं पर सुनवाई खत्म हुई।

सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी विवाद को लेकर 40 याचिकाओं पर सुनवाई खत्म हुई। नीट से जुड़े 40 याचिकाकाओं पर मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई कर रही थी। इस बेंच में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। कोर्ट ने कल की सुनवाई में कहा था कि नीट परीक्षा में कैंडिडेट्स को एक सही सवाल के लिए एक सही ऑप्शन चुनना था। परीक्षा में एक सवाल ऐसा था जिसके दो सही ऑप्शन थे। ह्न को आंसर की में 1 ही सही आंसर देना चाहिए था। 2 सही ऑप्शन देने से 44 स्टूडेंट्स को बोनस मार्क्स मिले और 4.2 लाख कैंडिडेट्स को नुकसान हुआ है। कोर्ट ने आगे कहा था कि इस पर दिल्ली आईआईटी के एक्सपर्ट्स की राय लेनी चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि हम आईआईटी दिल्ली से रिक्वेस्ट करते हैं कि इस मामले के लिए 3 सदस्य की एक्सपर्ट कमेटी बनाएं। एक्सपर्ट टीम एक सही ऑप्शन चुनकर 12 बजे तक रजिस्ट्रार को राय भेजें। वहीं सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं से आज शाम तक आधे पेज में नीट यूजी रीटेस्ट के पक्ष में तर्क का रिटन सबमिशन ई-मेल करने को कहा है। इधर, सुनवाई के दौरान एनटीए ने माना कि 3300 से ज्यादा छात्रों को गलत पेपर दिया गया था। इन्हें एसबीआई की जगह कैनरा बैंक का पेपर बांटा गया था।

### पेपर लीक पर कोर्ट ने क्या कहा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक को लेकर सभी आरोपियों के बयान अलग अलग हैं। अगर नीट 4 मई की रात को हुआ है तो जाहिर है कि ट्रांसपोर्टेशन के दौरान नहीं बल्कि स्ट्रॉन्ग रूम वॉल्ट से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'राहुल गांधी ने की देश को उकसा कर तनाव फैलाने की कोशिश...', सुको के फैसले के बाद भड़के शिक्षा मंत्री

नई दिल्ली। नीट-यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सत्य की जीत हुई है। हमने पहले भी कहा था कि बड़े पैमाने पर पेपर लीक होने के सबूत नहीं मिले हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद मैं सत्यमेव जयते कहना चाहूंगा। ह्वश्वञ्ज मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विपक्ष की भूमिका स्पष्ट हो गई। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कल तक नकारात्मक रवैया अपनाया था। उन्होंने देश की परीक्षा प्रणाली को अमान्य कर दिया। उन्होंने इसे 'बकवास' तक कह डाला। यह उनकी मानसिक स्थिति को साबित करता है। राहुल गांधी ने देश के छात्रों को गुमराह करना, भ्रम पैदा करना और उन्हें सामाजिक तनाव के लिए उकसाने का प्रयास किया है।

### विपक्ष देश के युवाओं से मांगे माफी

उन्होंने देश में अराजकता और नागरिक अशांति पैदा करने की कोशिश की है। यह उनकी राजनीति का योजनाबद्ध हिस्सा था। मैं उनसे और विपक्ष के उन सभी गैरजिम्मेदाराना हरकतों में शामिल होने वाले लोगों से कहता हूं कि देश के छात्रों, युवाओं और अभिभावकों से वह माफी मांगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विधानसभा भ्रमण पर आए सेमहरा सड़क दुर्घटना से प्रभावित बच्चों ने स्पीकर डॉ.रमन सिंह से की मुलाकात



रायपुर (दावा)। आज सेमहरा (बाहपानी) दुर्घटना में सेमहरा (बाहपानी) की दुर्घटना में प्रभावित परिवारों के कुल 11 बच्चे, जिसमें अंजली धुर्वे (17), सुषमा धुर्वे (15), जयसूर्या धुर्वे (13), कुसुम श्याम (17), प्रमेष श्याम (19), इंद्रानी धुर्वे (17), सूरज मरावी (13), संगीता मरावी (16), गंगोत्री मरावी (19), लोचन मरावी (14), मनीषा धुर्वे (19) ने सदन में चल रही कार्यवाही भी देखी और विधानसभा परिसर का भ्रमण किया।

तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों का पिकअप वाहन 20 मई को दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें दिवंगत हुए लोगों के बच्चों ने आज विधानसभा पहुंचकर परिसर का भ्रमण किया और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के कक्ष में उनसे मुलाकात की। जहां विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने बच्चों की विधायिका के प्रति जागरूकता की सराहना कर उनके प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त कीं और सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। इस दौरान छःग शासन के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी उपस्थित रहीं।

**विधायिका के संचालन के प्रति बच्चों की जागरूकता और जिज्ञासा सराहनीय है - डॉ. रमन सिंह**

# इस साल भी जनगणना की संभावना नहीं, मंत्रियों के वेतन, राजकीय मेहमानों के मनोरंजन के लिए 1248.91 करोड़

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। मंगलवार को दोपहर बाद अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर की एक टिप्पणी पर विपक्ष भड़क गया।

नाराज होकर विपक्षी विधायकों ने जमकर नारेबाजी करनी शुरू कर दी और माफी मांगने की मांग पर अड़ गए। हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही को 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। कार्रवाई शुरू होने के बाद भी विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा और मांफी ना मांगने पर अजय चंद्राकर के वक्तव्य का बहिष्कार कर दिया।

### विधायक चंद्राकर की इस टिप्पणी पर भड़का विपक्ष

सदन की कार्वाई के दौरान बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि, कांग्रेस ने साय सरकार को अस्थिर करने षड्यंत्र रचा था। जिसमें एक समाज को आगे कर षड्यंत्र रचने की कोशिश की गई। बलौदाबाजार के कार्यक्रम में इसी सदन के 2 विधायक थे। यहां तक कि, टेंट और खाने का खर्च भी एक विधायक ने उठाया था। इतना सुनते ही विपस्क्षी विधायक भड़क गए और अजय चंद्राकर से माफी मांगने को लेकर नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा।



विधानसभा का मानसून सत्र - चंद्राकर की टिप्पणी पर भड़का विपक्ष, हंगामे के बाद किया बहिष्कार

### चंद्राकर बोले- बघेल पूरे पांच साल एक विधानसभा के सीएम थे

अनुपूरक बजट की चर्चा के दौरान अजय चंद्राकर ने कहा कि, कांग्रेस के लोग बोल रहे हैं कि, सीएम साय तीन विधानसभा के सीएम हैं। मैं कहता हूं कि, भूपेश बघेल पूरे पांच साल एक विधानसभा के सीएम थे। पाटन से आगे विकास बढ़ ही नहीं पाया।

### उमेश पटेल बोले- महिलाओं के 5 सौ काट रही सरकार

इससे पहले सदन में अनुपूरक बजट हुई, चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि, कांग्रेस ने पिछले पांच साल में 50 हजार करोड़ का क़र्ज़ लिया था। लेकिन यह सरकार दिसंबर से लेकर अब तक लगभग 25 हजार करोड़ रूपये कर्ज ले चुकी है। पिछले सात महीने के कार्यकाल में इनका ये हाल है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

### श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल द्वारा डायबिटीज, बीपी चेकअप तथा किडनी रोग एवं उपचार शिविर 27 जुलाई को



रायपुर (दावा)। मेडिकल के क्षेत्र में लोकप्रिय नाम न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह स्थित श्री मेडीशाइन हॉस्पिटल द्वारा मरीजो के हितों को ध्यान में रखते हुए डायबिटीज एवं बी.पी चेकअप तथा किडनी रोग एवं उपचार शिविर भव्य आयोजन 27 जुलाई शनिवार को श्री मेड़ीशाइन हॉस्पिटल अमलीडीह में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जा रहा है। शिविर में अनुभवी एवं प्रख्यात चिकित्सक डॉ. नेहा पगारे द्वारा डायबिटीस परामर्श साथ ही बीपी चेकअप, डायटिशियन परामर्श शुगर जांच एचबीए/सी जांच मात्र 500 रु. में किया जायेगा। तथा किडनी रोग परामर्श डॉ.करन सराफ द्वारा ओपीडी पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जारी है इस उपचार में सभी जांचों पर मरीजों को 15 प्रतिशत, दवाइयां पर 5 प्रतिशत एवं भर्ती होने पर में 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

### प्रतियोगिता के तहत आज खेले गये एक मैच हॉकी मध्यप्रदेश ने हॉकी गुजरात को 9-0 गोल से पराजित किया

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा दूसरी वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज बालिका वर्ग का एक ही मैच खेला गया जिसमे हॉकी महाराष्ट्र विरुद्ध हॉकी गुजरात के मध्य खेला गया हॉकी मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक आसान जीत हासिल की मध्यप्रदेश की ओर से टीम के कप्तान पालक गुप्ता चानू खाइडें शीलएम ने 3-3 गोल किये, स्नेहा पटेल, काजल और कृष्णा शर्मा ने 1-1 गोल किया। प्रतियोगिता के तहत आज एक ही मैच खेला गया जिसमें में मैन ऑफ द प्लेयर का पुरूस्कार हॉकी मध्यप्रदेश की चानू खाइडें शीलएम को उपस्थित प्रीति वैष्णव, सचिव छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस कमेटी, फिरोज अंसारी, सचिव आयोजन समिति, प्रिंस भाटिया, मृणाल चौबे द्वारा पुरष्कृत किया आज के मैच बालिका वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र विरुद्ध दादर नागर हवेली के मध्य सुबह 7 बजे गोवा हॉकी विरुद्ध हॉकी राजस्थान के मध्य सुबह 9 बजे खेला जाएगा बालक वर्ग में गोवा हॉकी विरुद्ध हॉकी राजस्थान के मध्य 11 बजे हॉकी महाराष्ट्र विरुद्ध हॉकी मध्यप्रदेश के मध्य 2 बजे छत्तीसगढ़ हॉकी विरुद्ध हॉकी गुजरात के मध्य 4 बजे खेला जाएगा।





### शिशु संरक्षण माह का आयोजन 23 अगस्त तक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 19 जुलाई से 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिले के 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के पालकों से बच्चों का समग्र बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए टीकाकरण सत्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में विटामिन ए एवं आईएफ का सिरप पिलाने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में शिशु संरक्षण माह दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि शिशु संरक्षण माह के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक मंगलवार एवं शुक्रवार को टीकाकरण सत्र के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पिलाया जाएगा तथा 6 माह के 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार 1-1 मिली आयरन की सिरप मितानिन के माध्यम से गृह भ्रमण के दौरान एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पिलाया जा रहा है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया कि विटामिन ए के सेवन से शरीर में रोगों से लडऩे के क्षमता में वृद्धि होती है। आंखों की परत यानि कार्निया सुरक्षित होती है, इससे बाल मृत्यु दर में कमी, दस्त, खसरा, एवं आंखों की रोग रतौधी से बचाव और कुपोषण में कमी आती है। विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम के जरिए बाल जीवितता में 20 फीसदी बढ़ोतरी संभव है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. यूएस चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, आरएमएनसीएच+ए सलाहकार डॉ. स्नेहा जैन, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पूजा मेश्राम एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।




# शहर में 4 साल पहले हुई परवेज की हत्या के मामले में सभी अभियुक्तों को उम्र कैद की सजा

राजनांदगांव(दावा)। शहर के कंचन बाग स्थित अटल आवास में आज से 4 साल पहले हुई परवेज अहमद की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए माननीय न्यायाधीश श्री थामस एक्का ने मर्डर कांड से संबंधित सभी अभियुक्तों को उम्र कैद की सजा दी है। उक्त अभियुक्त अब जिंदगी भर के लिए जेल की सजा काटने बाध्य होंगे।

बता दें कि स्टेशन पारा सोलह खोली चौक निवासी 38 वर्षीय परवेज कुरैशी पिता बिस्मिल्लाह कुरैशी की हत्या अटल आवास कंचन बाग में सितम्बर माह 2020 में हुई थी। न्यायाधीश श्री एक्का ने प्रकरण की पूरी सुनवाई के बाद मंगलवार 23 जुलाई को फैसला सुनाते हुये अभियुक्तगण सलमान खान उर्फ विक्की पिता हमीद खान, उम्र 26 वर्ष, शेख सलीम पिता शेख करीम, उम्र 40 वर्ष, कार्तिक राम टेंबेकर पिता नरेन्द्र कुमार टेंबेकर, उम्र 20 वर्ष, प्रेमचंद उर्फ बिटटू पिता कृष्णा बांसफोड़, उम्र 25 वर्ष, सिमोन पीटर पिता जार्ज विलियम पीटर, उम्र 19 वर्ष एवं मुकुल नेताम पिता भैयालाल नेताम, उम्र 19 वर्ष, सभी निवासी वार्ड नं. 31, को हत्या का दोषी साबित पाते हुए भारतीय दण्ड विधान की धारा 324 (तीन बार) के तहत् 03-03 वर्ष कां सश्रम कारावास और 2-2 हजार रूपये का अर्थदंड, तथा अर्थदंड अदा नहीं दिये जाने की स्थिति में 1-1 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 5000-5000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 02-02 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किये जाने का दंडादेश पारित किया गया। मामले में छत्तीसगढ़ शासन की ओर से अधिवक्ता नारायण कन्नौजे जिला लोक अभियोजक, कुंजलाल साहू अतिरिक्त लोक अभियोजक एवं धन्नू लाल सेन, अतिरिक्त लोक अभियोजक ने पैरवी की।

### कोतवाली पुलिस ने की प्रकरण की जांच

घटना की सूचना मिलने पर थाना कोतवाली के निरीक्षक विरेन्द्र चतुर्वेदी ने रात्रि को घटना स्थल पर जाकर रंजीता श्रीवास के बताये अनुसार विधिवत् कार्यवाही किया गया। मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण जांच में लिया गया।

दौरान जांच के पाया गया कि, घटना की प्लानिंग शेख सलीम द्वारा की गई थी। सभी अभियुक्तगण को गिरफ?तार कर जिला जेल भेजा गया। संपूर्ण जांच उपरान्त प्रकरण भारतीय दण्ड विधान की धारा 147, 148, 149, 427, 427, 452, 302, 307, 120-बी के तहत् विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। मंगलवार को न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद सभी अभियुक्त उम्र भर के लिए जेल की सीखचों के पीछे चले गए हैं।

### आज अर्जुन अवार्डी ओलयम्पियंन एवं सलेक्टर मोहम्मद रियाज़ का सम्मान समारोह



राजनांदगांव (दावा)। हॉकी इंडिया के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ हाकी और जिला हॉकी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 2री वेस्ट ज़ोन हॉकी इंडिया नेशनल चैम्पियनशिप में सलेक्टर के रूप में पधारे देश के जाने माने ओलयम्पियंन एवं अर्जुन अवार्डी श्री मोहम्मद रियाज़ का आज छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा सँयुक्त रूप से एक सम्मान समारोह स्थानीय अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव शाम 4.30 बजे आयोजित किया गया है ,उक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी तथा जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता सहित समस्त पदाधिकारियों ने नगर की समस्त खेल प्रेमी जनता से उक्त अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### रिमझिम बारिश के बीच वेट लिफ्टर शीतलेश पटेल का नगर आगमन पर भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। नगर के वेट लिफ्टर खिलाड़ी शीतलेश पटेल का वेट लिफ्टिंग खेल में गोल्ड मेडल प्राप्त कर शहर लौटने पर उसका भव्य स्वागत किया गया।

बता दें कि शीतलेश पटेल अपने वेट लिफ्टिंग के खेल में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसी बीच उसका पैर टूट गया था फिर भी उसने हिम्मत नहीं हारी और लगातार प्रेक्टिस करते रहे।

आलम यह रहा कि ठीक होने के बाद ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में ड्यूटी के बाद वेट लिफ्टिंग का अभ्यास कर अपने कला को मांजते रहे। इस दौरान वेट लिफ्टिंग के खेल में विभिन्न स्थानों में प्रदर्शन के चलते उन्हें कभी सिल्वर तो कभी उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल की प्राप्ति होती रही। गत दिनों कज़ाख्स्तिान में आयोजित 11 वीं स्ट्रेंथ वेट लिफ्टिंग चैम्पियन शीप प्रतियोगिता 2024 में प्रथम स्थान पर कब्जा जमाते हुए गोल्ड मेडल जीत कर शहर लौटने पर स्थानीय रेल्वे स्टेशन में शीतलेश पटेल का ब्रह्माकुमारी बहनों व ब्रह्मकुमारों सहित अन्य खेल प्रेमियों द्वाराभव्य स्वागत किया गया।

### एनबीआईएस, बोरी के छात्रों का विभिन्न खेलों मे विशेष स्थान



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी के छात्र न केवल शैक्षणिक अपितु खेल के मैदान में विशेष स्थान रखते है। विभिन्न खेलों में शाला के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजकीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर शाला की अपनी एक अलग पहचान बनाये हैं। शाला के वेद चौहान तथा दिव्यांश रंगारी ने व्यक्तिगत खेल चेस में राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है।

वहीं वेदांत यादव ने क्रिकेट खेल में राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। शाला की बारहवीं की छात्रा दीक्षा साहू ने टेबल टेनिस में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवांवित किया है । खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शाला के कक्षा सातवीं के छात्र देवदीप ठाकुर ने अपने पहले प्रयास में ही सॉफ्ट बाल खेल में राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया और स्वर्ण पदक के साथ इक्कीस हजार की राशि प्राप्त कर चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्राप्त की।

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। एनबीआईएस शाला परिवार बच्चों के मानसिक तथा शारीरिक गतिविधियों के लिए सदैव प्रयासरत संस्था रही है। इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए स्कूल कैंपस में विभिन्न खेलों के लिए विशेष सुविधाओं के साथ विशेष व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है ताकि बच्चे अपनी रुचि अनुसार खेलों में अपनी भागीदारी निभाएं। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान तथा सभी शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### इंदिरा नगर स्थित नाले की चौड़ाई बढ़ाने एवं नाले के आसपास व नाले के उपर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने कलेक्टर से कहा कि वार्ड नं. 41 इंदिरा नगर के स्थित नाले में लगभग आधा शहर के जी.ई. रोड, नया बस स्टैण्ड का बारह मासी गंदा पानी तथा बारिश का पानी सर्किट हाउस व रानीसागर के पीछे राजीव नगर, जिला चिकित्सालय के सामने से बहता हुआ, इंदिरा नगर स्थित नाले से पीछे से बहता हुआ जाता है।

गौरतलब हो कि पहले 2007 में उक्त कच्चे नाले की चौड़ाई 30 से 35 फीट एवं गहराई 8 से 10 फिट होने से गंदा पानी एवं बरसात का पानी आसानी से निकल जाता था। महोदय जी विदित हो कि 30 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इस नाले की चौड़ीकरण के लिए दिनांक 01.03.2018 जारी किया गया था। जिसमें ठेकेदार द्वारा महज 02 माह कार्य करने के पश्चात कुछ राशि भुगतान लेकर कार्य बंद कर दिया गया।

ठेकेदार द्वारा कार्य बंद करने के बाद बालोद मार्ग के आस-पास रहने अज्ञात लोगों के द्वारा नाले पर अतिक्रमण कर नाले की चौड़ाई 5 फीट कर दिया गया 300 फीट की लम्बाई तक जिसके कारण नाले का जलनिकासी की चौड़ाई कम हो गया, जिससे बारिश में जलबाहव नहीं हो पाने से सम्पूर्ण इंदिरा नगर में क्षेत्र पानी से भर जाता है, जिला चिकित्सालय एवं अस्पताल कॉलोनी, अस्पताल के अंदर मरीजों के बेड में भी पानी घुस जाता है।जिससे राजीव नगर, बसंतीपुर रोड वार्डवासी एवं अस्पताल के मरीजों को बहुत परेशानी होती है।

अत:जनहित में आपसे आदर आग्रह है कि अतिक्रमणधारियों के उपर कड़ी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाकर नाले की चौड़ाई व गहराई बढ़ाने की कृपा करेंगें।उक्त मांग पत्र पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं की जाती है तो मुझे मजबूरन वार्डवासियों के साथ नगर निगम के सामने धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

### अत्यधिक वर्षा पर शहर में नाला नाली की सफाई दुरुस्त करने, मोहारा नदी में बाढ़ को देखते हुये मोहारा जल संयंत्र गृह में आवश्यक व्यवस्था करने आयुक्त ने दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। अत्याधिक वर्षा के कारण मोहारा नदी में आई बाढ़ एवं वार्डो के कुछ हिस्सो में पानी भरने पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को शहर में साफ सफाई, नाली नाला की सफाई दुरूस्त करने, पानी निकासी के अलावा फिल्टर प्लांट में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।



उल्लेखनीय है कि मोहारा नदी में अत्याधिक बाढ के कारण इंटकवेल में कचरा फसने पर पानी सप्लाई विलंब से हुई थी, इसी प्रकार भारी बारिश से शहर में कई स्थानों पर पानी भरान की स्थिति निर्मित हुई थी।

महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, आयुक्त श्री गुप्ता सहित निगम के तकनीकि व स्वास्थ्य अधिकारी निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने लगे हुये है। आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य सहित तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण कर साफ सफाई में जोर देकर, नाला के उपर कलवर तोड कर पानी निकासी करा रहे है तथा जे.सी.बी. व गैंग के माध्यम से नाली नालो की सफाई कराई जा रही है। लोगों को भी अपने घर के आस पास के नाली खुला रखने समझाईस दी जा रही है, ताकि बारिश का पानी निकासी हो सके। इंटकवेल के आस पास आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण के लिये गठित टीम नदी के आस पास के रहने वालों को समझाईस दे रहे है, आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया जायेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारियों से कहा है कि जल संयंत्रगृह में आवश्यक सामग्री फिटकरी, ब्लीचिंग, क्लोरिन गैस का पर्याप्त भंडारण रखे, इसके अलावा आवश्यक उपकरण भी रखना सुनिश्चित करे, जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने पानी भरान क्षेत्र में नाली नालों में फसे कचरा को निकालने के साथ साथ कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी सुनिश्चित करने कहा है। इसके अलावा शहर के पानी भरान क्षेत्रों मे भी पर्याप्त साफ सफाई व पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करे। वार्डो में नलों एवं हैण्ड पंपों के आस पास पानी निकासी कर दवा का छिडकाव करे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
4-5-9
560-1 120-3
राजधानी
3-6-7
279-8 138-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### तुलसी नर्सिंग होम में सेवायें बहाल

राजनांदगांव (दावा)। अनुपम नगर में स्थित जय तुलसी नर्सिंग होम में अब पूर्वानुसार चिकित्सा सेवायें प्रारंभ हो गई। ज्ञातव्य है कि गत दिनों स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य संचालनालय रायपुर द्वारा आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीयन सुविधा को 3 माह के लिए निलंबित कर दिया गया था।

अस्पताल प्रबंधन ने आयुष्मान कार्ड पर रोक के विरूद्ध संचालनालय को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए। दस्तावेजों की जांच की बाद संचालनालय ने शिकायतों को खारिज कर दिया तथा आयुष्मान कार्ड पर रोक को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। अब जय तुलसी नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड पर उपचार प्रारंभ हो गया है। इसी तरह गत दिनों अस्पताल संचालक एवं अस्पताल के मुख्य चिकित्सक को पुलिस थाना गैंदाटोला द्वारा पास्को एक्ट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। संबधितों पर गेंदाटोला की एक नाबालिग लड़की का विधि विरूद्ध गर्भपात करने का आरोप था।

स्थानीय न्यायालय में मामला पेश होने के बाद पीड़िता का कथन न्यायालय में लिया गया। पीड़िता ने अस्पताल के संचालक व डॉक्टर पर लगाये गये आरोपों को गलत बताया। पीड़िता ने अपने बयान में कहा कि कथित गर्भपात हेतु वह स्वयं ही किसी दवा का सेवन कर रही थी। इससे उसे पेट दर्द व खून बहना प्रारंभ हो गया। इसी हालत में वह जय तुलसी नर्सिंग होम में भरती हुई, जहां उसका सामान्य प्रसव कराया गया तथा गर्भ में ही मृत बच्चे को जन्म दिया।

न्यायालय ने पीड़िता के कथन पर गंभीरता पूर्वक विचार करने के बाद दोनों आरोपियों को जमानत पर तत्काल रिहा कर दिया। अब नर्सिंग होम में सामान्य तौर पर चिकित्सा सेवायें प्रारंभ हैं।

### आरोग्यम हास्पीटल में 5 दिवसीय नि:शुल्क पेट, आंत लीवर एवं पेंक्रियाज रोग परीक्षण व चिकित्सा शिविर

दुर्ग (दावा)। अंचल के प्रख्यात पेट रोग विशेषज्ञ (गैस्ट्रोएंटरोलॉजीस्ट) डॉ. जीवन लाल घीदले द्वारा आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग में पांच दिवसीय नि:शुल्क पेट, आंत, लीवर एवं पेनक्रियाज रोगों से संबंधित रोगों के परामर्श एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें पेट से संबंधित कई प्रकार की बीमारियां जैसे पेट में जलन, गैस, पेट में घाव, दस्त होना, उल्टी होना, पीलिया, हेपेटाइटिस, पेट में पानी आना, बार-बार उल्टी होना, भूख न लगना, लिवर सोरायसिस, अत्यधिक शराब की वजह से लीवर का खराब होना, पेनक्रियाज में सूजन होना, एसिडिटी इत्यादि प्रमुख है डॉ.जीवनलाल अंचल के सर्वश्रेष्ठ पेट, लिवर पेनक्रियाज रोगों के वरिष्ठ चिकित्सकों में से एक है, यह शिविर दिनांक 23 जुलाई मंगलवार से प्रारंभ होकर 28 जुलाई शनिवार तक रहेगी जिसका समय दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक रखा गया है, असुविधा से बचने के लिए कृपया पूर्व पंजीयन अवश्य करावे।

शिविर में आए सभी मरीजों की नि:शुल्क जांच की जाएगी तथा पैथोलॉजी जाँच एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी की जांच पर 50 प्रतिशत की छूट होगी। स्थान- आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, टोयोटा शोरूम के सामने 'डी मार्ट' के पास, एनएच 53 दुर्ग बाईपास रोड़ कादंबरी नगर दुर्ग। अधिक जानकारी के लिए 9755421861।

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार कृपाल उद्योग पार्टनर श्रीमती श्रेया माखिजा पति राजेश माखिजा निवासी-12/डी-हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया हथखोज भिलाई तहसील व जिला दुर्ग(छ.ग.) ने दुलारी बाई पति धनुष लाल कुर्मी निवासिनी ग्राम पचपेड़ी तहसील पोस्ट परसबोड़ तहसील घुमका जिला राजनांदगांव छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 228/7 रकबा 0.40 डिसमिल स्थित ग्राम पचपेड़ी प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. उपरवाह तहसील घुमका जिला राजनांदगांव को क्रय करने का सौदा किया है और सौदा पेटे बयाना राशि भुगतान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है। उक्त सौदाशुदा भूमि का अब मात्र पंजीयन कार्यालय राजनांदगांव से पंजीकृत बयनामा निष्पादित कराना शेष है। उक्त सौदाशुदा भूमि के संबंध में यदि किसी आम या खास शख्स अथवा शासकीय/अर्द्ध शासकीय/निकाय/संस्था को किसी प्रकार से कोई उजर आपत्ति हो तो सक्षम दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उपर वर्णित सौदा शुदा भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया जायेगा। तत्पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार से आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निष्प्रभावी माना जावेगा। अतः सूचना जाने...।

राजनांदगांव
दिनांक : 22/07/2024

भवदीय,
जी. डी. साहू, अधिवक्ता
निवासी/कार्यालय-ग्राम गठुला, पोस्ट बोरी
जिला राजनांदगांव, मो.नं.9907979554

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती रितिका मिश्रा ध.प. श्री आशीष मिश्रा निवासी आरा मिल रोड, टी वी एस शोरूम के पीछे, बीके नगर शहर तह. व जिला राजनांदगांव के स्वामित्व की भूमि ख.नं. 163/2 रकबा 0.085 एकड़ मे से 0.42/1/2 एकड़ (साड़े बयांलिस डिसमिल) स्थित ग्राम कन्हारपुरी तह. व जिला राजनांदगांव को कय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा रितिका मिश्रा ध.प. श्री आशीष मिश्रा के द्वारा मेरे पक्षकार से अग्रिम बयाना राशि प्राप्त कर लिया है और मेरे पक्षकार के पक्ष मे उपरोक्त भूमि के विक्रय के संबंध मे इकरारनामा दिनांक 22.05.2024 को गवाहो के समक्ष निष्पादित किया है।

अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा बैंक हित रखता हो तो इस नोटिस प्रकाशन होने के 15 दिनों के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा नोटिस अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के संबंध में अपने पक्ष मे पंजीयन विक्रय पत्र तहरीर करा लिया जावेगा। सूचना जाने।

दिनांक 23.07.2024

वैभव शुक्ला
अधिवक्ता
निवासी- कैलाश नगर,राजनांदगांव (छ.ग.) फोन नं. 88272 65472

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700027 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रशेखर साहू आ. बुलाकी राम साहू, निवासी-ग्राम पार्रीकला, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला मोतीपुर स्थित शीट क्रमांक 21 ए, भूखण्ड क्रमांक 88/4, क्षेत्रफल 30.87 वर्गमीटर जो धारक सरदार मनजीत सिंह भाटिया आ. स्व. त्रिलोक सिंह भाटिया, निवासी-बल्देवबाग राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 07.08.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700028 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मेघा सोनकुसरे ध.प. भावेश सोनकुसरे, निवासी-स्टेशनपारा वार्ड नं.10, जिला-राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला मोतीपुर स्थित शीट क्रमांक 21 बी, भूखण्ड क्रमांक-46/4, 47/4 }, क्षेत्रफल 35.59 वर्गमीटर जो धारक मीना गिडवानी ध.प. लीलाराम गिडवानी, निवासी-सिंधी कॉलोनी, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 07/08/2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

# 3 ट्रिलीयन डालर अर्थव्यवस्था की ओर भारत को ले जाने वाले सर्व हितैषी बजट पेश

## लगातार सातवीं बार आम बजट पेश करने वाली निर्मला सीतारमन देश की पहली महिला वित्तमंत्री

राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार को देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने संसद में चालू वित्त वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश की। बता दे कि देश की महिला वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने लगातार सावती बार आम बजट पेश कर देश की पहली महिला वित्तमंत्री बन गई है। श्रीमती सीतारमण का यह रिकार्ड अभी तक किसी ने नहीं तोड़ पाया है।

श्रीमती सीतारमण लम्बे बजट भाषण के लिए भी जानी जाती है। उन्होंने मंगलवार को संसद में भारत की अर्थव्यवस्था 3 ट्रिलीयन डालर की और ले जाने वाली गरीब किसान मजदूर व युवावओं सहित महिलाओं के उत्थान वाली बजट पेश की है। इस बजट में युवाओं के लिए नौकरी के साथ-साथ रोजगार इन्कम टैक्स में कमी लांग टर्न कैपिटल दर में कमी, टैक्स स्लैब में बदलाव, मुद्रा लोन में 20 लाख रूपए की वृद्धि, सोने-चांदी से लेकर जूते-चप्पल के कपड़े आदि को सस्ता व किसानों के लिए सिंचाई के साधन व कृषि के लिए डेढ़ करोड़ के प्रवधान सहित 5 राज्यों के किसान कार्ड लांच किया जाना प्रमुख है। इसी तरह महिलाओं के लिए कौशल विकास की योजना के प्रावधान दिए जाने से बजट को ग्यान यानि गरीब युवा किसान मजदूर व महिला के लिए लाभकारी बजट कहा जा रहा है। इस बजट के संबंध में जहां सत्ताधारी दल के लोग अपनी अच्छी प्रतिक्रिया देते हुए इसे भारत की अर्थव्यवस्था को बूम देने वाला वजट कहा जा रहा है। गरीब किसान युवा एवं महिलाओं की हितैषी बजट कहा जा रहा है। वही सत्ता विरोधी दल द्वारा इस बजट को निराशा जन कर व सत्ता दल के सहयोगी दलों को खुश करने वाली बजट की संज्ञा दी जा रही है। आईये केन्द्र सरकार की रिकार्ड तोड़ वित्तमंत्री निर्माला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट के सम्बंध में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के लोगों द्वारा अपनी क्या प्रतिक्रिया दे रहे है इसे जाने...

### वित्त मंत्री ने बजट में छत्तीसगढ़ को दिखाया ठेंगा - हेमा देशमुख



महापौर हेमा देशमुख ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट में छत्तीसगढ़ के साथ भारी भेदभाव किया है। उन्होंने इस प्रदेश को विशेष कुछ भी नहीं दिया है जबकि आंध्र और बिहार पर भारी भरकम धन लुटाया है। श्रीमती देशमुख ने कहा कि चुनाव के समय डबल इंजन की सरकार का दम भरने वाली भाजपा को भाजपा शासित राज्य में तो और अधिक धनराशि देनी चाहिए। ताकि विकास कार्य को गति मिले लेकिन यहां की जनता के साथ घोर विश्वास घात किया है। उन्होंने युवाओं को पहले भी चला है और अब भी चल रही है।

श्रीमती देशमुख ने कहा कि 15000 रुपये पहले नौकरी करने वाले युवाओं को देने की बात कहना हास्य पद लगता है और देना है तो अच्छी खासी तनख्वाह दे वेतन भत्ते बढ़ा कर दे। किसानों को भी छलने का काम किया है डबल इंजन की सरकार पूर्व में छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल नीति कांग्रेस सरकार के समय किसानों किसानों का जो बोनस बचा था उसे भी अटका कर रखी है जबकि इस सरकार बनते ही दे देना चाहिए ऐसे में किसान आंदोलन नहीं करेंगे तो और क्या करेंगे। श्रीमती देशमुख ने आगे कहा कि बजट में जो सस्ता हुए जैसे सोना-चांदी, प्लेटिनम, मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, बिजली के तार, सोलर सेट्स, लेदर और सीफूडस इससे आम जनता को कोई लेना-देना नहीं है। बजट में तो लगातार जो महंगाई बढ़ रही उन्हें कम करना चाहिए। लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता की कमर टूट चुकी है। मोदी सरकार को तीसरी बार अवसर देकर जनता पछता रही है और चुनाव के समय कांग्रेस द्वारा की गई घोषणाएं याद आ रही है।

### विकसित भारत को साकार करेगा यह बजट- खूबचंद पारख



प्रदेश भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने केंद्र के प्रस्तुत बजट को विकसित भारत की और बढ़ते में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए बजट में 5 साल में 4 करोड़ नए रोजगार इसके लिए 2 लाख करोड़ का पैकेज दिया गया है जिसके चलते युवाओं को इसका लाभ मिलेगा।साथ ही 1 लाख से कम सैलरी वालों को 3 हजार रु महीना की मदद भी छोटे लोगों के लिए मददगार होगी। श्री पारख ने कहा कि बेरोजगारी को दूर करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 30 लाख करोड़ नई नौकरियां की घोषणा की गई है जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है। साथ ही साथ बड़ी कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप, 66 हजार रु. प्रतिवर्ष सैलरी दर से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

खूबचंद पारख ने कहा कि किसानों के लिए यह बजट वरदान साबित होगा। सब्जी उगाने के लिए क्लस्टर बनाए जायेंगे,109 फसलों पर सरकार का फोकस, खेती में एफपीओ और स्टार्ट अप को बढ़ावा दिया जाएगा। 11 हजार पांच सौ करोड़ रु सिंचाई योजनाओं के लिए बजट में अमृत की गए हैं जिसके कारण किसने की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पारख ने कहा कि बजट में महिलाओं का भी विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। महिलाओं के उत्थान के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घरों के लिए बजट में प्रावधान, महिलाओं के नाम से रजिस्ट्री पर स्टाम्प ड्यूटी में बजट में छूट प्रदान की गई है। श्री पारख ने कहा कि लघु उद्योग एवं छोटे व्यापारियों के लिए वह बजट आशा की नई किरण लाया है। अब सरकार द्वारा बिना कुछ गिरवी रखे ,प्लांट मशीनरी खरीदने के लिए लोन दिया जाएगा। छोटे एवं मंझले व्यापारियों के लिए यह बजट खुशी की लहर लाया है। मुंद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की गई।

खूबचंद पारख ने कहा कि बजट में आदिवासी समाज की भी चिंता की गई है। जनजातीय उन्नत ग्राम योजना लांच की गई है,जिसके तहत जनजाति समाज के 63 हजार गांव और 5 करोड़ लोगो को फायदा होगा। गरीबों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा। बजट में मंहगाई दर को 4 प्रतिशत लाने का लक्ष्य भी रखा गया है। गांव के विकास के लिए 2 लाख 66 हजार करोड़ अलग से दिए गए है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए 1.28 करोड़ से ज्यादा एप्लीकेशंस 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। सोलर बिजली के लिया सरकार सब्सिडी देगी। श्री पारख ने कहा कि बजट में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 11 लाख करोड़ (जीडीपी का 3.4 प्रतिशत) का प्रावधान आधारभूत संरचना के लिए रखना यह दर्शाता है कि अब भारत तेजी से विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।

### डबल इंजन की सरकार के बजट में छग से बेरुखी क्यूं - मुदलियार



कांग्रेस नेता जितेंद्र उदय मुदलियार ने एनडीए सरकार के बजट में कांग्रेस की घोषणाओं को शामिल किए जाने पर कहा कि, सरकार ने मान लिया है कि देश में बेरोजगारी संकट किस हद तक बढ़ चुका है। मुदलियार ने कहा कि, दुःखद है कि जिस सरकार के मुखिया छत्तीसगढ़ में अपनी गारंटी की बात कहते हैं उनके बजट में छत्तीसगढ़ का नाम तक नहीं लिया गया। ये सरासर प्रदेश से छलावा है। डबल इंजन की सरकार के बजट में ये बेरुखी हतोत्साहित करने वाली है।

मुदलियार ने कहा कि, विगत दस वर्षो से करोड़ों रोजगार का दावा करने वाले मोदी सरकार ने कांग्रेस के लोकसभा चुनाव के मेनिफेस्?टो में शामिल विषयों को उठाकर साबित किया है कि, वे दस साल अफसल रहे। एंजेल टैक्स खत्म किए जाने और बड़ी कंपनियों में शिक्षित बेरोजगारों को इंटर्नशीप और भत्ते की घोषणा कांग्रेस ने की थी। इंटर्नशीप पर युवाओं को प्रतिमाह 8 हजार रुपए भत्ते का हमने वायदा किया था। अब एनडीए सरकार ने इसे अपने बजट में शामिल कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि, मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए बजट में कुछ भी नहीं दिखता। महंगाई पर लगाम के लिए केंद्र के पास कोई योजना नहीं है।

### बजट से युवाओं को कौशल समृद्धि प्राप्त होगा- नीलू शर्मा



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कहा कि इस बजट में युवा, किसान, महिला, उद्यमी, आम जनता सहित हर वर्ग का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। बेरोजगारों के लिए 2 लाख करोड़ खर्च करके 4 करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर नौकरी दिया जाएगा यह अपने आप में बहुत बड़ी योजना है। कौशल विकास में प्रशिक्षित लोगों के लिए मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़कर 20 लाख किया गया है इससे सभी लोगों को रोजगार मिलेगा और वह अपने स्तर पर अन्य लोगों को रोजगार देने में सक्षम होंगे। यह एक ऐतिहासिक बजट है। क्योंकि हमारा यह देश कृषि प्रधान देश है इसलिए इस बजट में कृषि और रोजगार के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। छत्तीसगढ़ के लिए विशेष बात है कि कृषि के क्षेत्र में आज 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान इस बजट में किया गया है, जिससे निश्चित रूप से कृषि के साथ रोजगार के क्षेत्र में एक नई क्रांति आएगी और किसान भी समृद्ध होंगे।

### वेतनभोगी के उम्मीदों पर खरा बजट-कमल किशोर साहू



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किया जिसमे वेतनभोगियो के उम्मीदों पर खरा उतरते हुये नई टैक्स व्यवस्था में मानक कटौती को 50,000/ से बढ़ाकर 75,000/- तथा आयकर की सीमा को रू 7 लाख तक आय कर मुक्त है। इस प्रकार कुल 7.75 लाख रू तक आय पर टैक्स शून्य है। साथ ही टैक्स स्लैब में परिवर्तन कर शून्य से 3 लाख पर निरंक, 3 से 7 लाख पर 5प्रतिशत 7 लाख से 10 लाख पर 10 प्रतिशत, 10 लाख से 12 लाख पर 15 प्रतिशत, 12 लाख से 15 लाख पर 20 प्रतिशत, 15 लाख से अधिक पर 30 प्रतिशत की दर से टैक्स देय होगा। इस प्रकार वेतनभोगी कर्मचारी को 17,500/- टैक्स बचत होगा।

### विकास को रफ्तार देने वाला बूस्टर बजट -दिनेश गांधी



जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गाँधी ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट विकास को रफ्तार देने वाला बूस्टर बजट है। दिनेश गांधी ने मोदी सरकार के इस बजट को विकसित भारत का दूरदर्शी, भविष्य का उत्थान करने वाला बजट होगा, दिनेश गांधी ने कहा कि देश के युवाओं, महिलाओं, किसानों और मध्यम वर्ग को सुनहरे भविष्य की ओर ले जाने वाला संवेदनशील बजट है। श्री गांधी ने केंद्रीय बजट को बेहतरीन एवं जनता के हित का बजट माना है,उन्होंने कहा कि बजट से बाजार गुलजार होगा जिसका अंतोतगत्वा लाभ, समाज एवं व्यापार को होगा। बजट मे युवाओं को अगले 5 साल में 4 करोड़ रोजगार मुहैया कराने 2 लाख करोड़ का प्रावधान करना उनकी आशाओं पर पंख लगाना जैसे है, महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान महतरियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि के द्वार खोलने वाला होगा। जबकि 11 लाख करोड़ से आधारभूत संरचनाओं का निर्माण एवम लगभग 3 लाख करोड़ रुपये गांव के विकास के लिए देना भारत की तस्वीर बदलने वाला होगा।

श्री गांधी ने केंद्रीय बजट को बेहतरीन एवं जनता के हित का बजट माना है, उन्होंने कहा कि बजट से बाजार गुलजार होगा जिसका अंतोतगत्वा लाभ, समाज एवं व्यापार को होगा। बजट मे युवाओं को अगले 5 साल में 4 करोड़ रोजगार मुहैया कराने 2 लाख करोड़ का प्रावधान करना उनकी आशाओं पर पंख लगाना जैसे है, महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान महतारियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि के द्वार खोलने वाला होगा। जबकि 11 लाख करोड़ से आधारभूत संरचनाओं का निर्माण एवम लगभग 3 लाख करोड़ रुपये गांव के विकास के लिए देना भारत की तस्वीर बदलने वाला होगा।

### वित्त मंत्री के बजट में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ भी नहीं, निराशा जनक बजट - धनेश पाटिला



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उर्जा मंत्री धनेश पाटिला ने केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए सन् 2024- 25 के बजट को कागजी बजट ठहराते हुए इसे जमीन पर नहीं उतरने वाला बजट बताया और कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने इस बजट में छत्तीसगढ़ को कुछ नहीं दिया जबकि बिहार और आंध्र प्रदेश को बंपर पैकेज दी है। इस पर तंज कसते हुए श्री पाटिला ने कहा कि यह बजट अपने सहयोगी दलों को खुश करने वाला बजट है। इससे आम आदमी को कोई फायदा नहीं होने वाला है। श्री पाटिला ने छत्तीसगढ़ में भारतमाला प्रोजेक्ट को रद्द कर देने पर भी नाखुशी जाहिर की व कहा कि इससे छत्तीसगढ़ का जो विकास होना था उससे वह वंचित हो गया। श्री पाटिला ने इसे छत्तीसगढ़ के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि निर्मला सीतारमण के इस बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। किसानों का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा बात कही गई है वह तो किसान खुद ही अपने उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयत्नरत हैं, उपर से रासायनिक खाद के दाम महंगे कर दिए गए हैं और खाद मिल भी नहीं रहा है। इससे किसान ठगे से महसूस कर रहे हैं । इसी तरह जो टैक्स स्लैब में बदलाव की बात कही जा रही है वह तो पहले ही 3 लाख की आय पर छूट रही। कुल मिलाकर देखा जाय तो मोदी सरकार 03 का यह बजट केवल वादा करने व कागजों में दिखने वाला बजट है जो कागज भर मे लिख देने से कुछ नहीं होने वाला।

### रिचार्ज महंगा, मोबाइल सस्ता, लूट का बजट : आफताब अहमद



कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रवक्ता आफताब अहमद ने केंद्र द्वारा प्रस्तुत आप बजट पर कहा जनता के साथ छल साफ नजर आ रहा है। देश में मोबाइल कंपनी रिचार्ज का दाम बढ़ा दिया गया है और उसकी मार झेलने के लिए केंद्र सरकार ने मोबाईल सस्ता किया गया है, ना किसानों की एमएसपी की बात की गयी है, ना महंगाई रोकने का कोई प्रवधान इस बजट में है। सिर्फ अर्थव्यवस्था मजबूत दिखाने का खेल खेला गया है। देश को 14 लाख करोड़ के कर्ज में डूबने वाली भाजपा सरकार किस मुंह से अर्थव्यवस्था मजबूत की बात कर रही है, ये समझ से परे है।

### गांव, गरीब, किसान विरोधी बजट : कमलजीत पिंटू



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत पिंटू ने आज संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट-2024 की कड़ी आलोचना की। उन्होंने बजट को जनता के हितों के विपरीत और केवल कुछ चुनिंदा वर्गों और राज्यों को लाभ पहुंचाने वाला बताया। कमलजीत पिंटू ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया में विभिन्न बिंदुओं पर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और इसे मोदी-बचाओ बजट करार दिया। कमलजीत पिंटू ने किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग और ग्रामीण विकास के मुद्दों पर सरकार की नीतियों को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा-यह बजट किसानों के लिए धोखा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कोई गारंटी नहीं दी गई है और कर्ज में डूबे किसानों के लिए कोई राहत नहीं है। डीजल, कीटनाशक और खाद की बढ़ती कीमतों पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं होगा, बल्कि वे और अधिक संकट में पड़ सकते हैं। युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर कमलजीत पिंटू ने कहा, सरकार ने अगले 5 वर्षों में 4.1 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया है, लेकिन यह भी एक जुमला साबित हो सकता है। इससे पहले भी 2 करोड़ नौकरियों का वादा हर साल किया गया था, जो पूरा नहीं हुआ। नए रोजगार के अवसर सृजित करने का कोई ठोस रोडमैप नहीं है। केवल इंटर्नशिप का वादा किया गया है, जो कांग्रेस के घोषणा-पत्र से लिया गया है, लेकिन इसमें युवाओं को वास्तविक लाभ नहीं मिलेगा। महिलाओं के मुद्दे पर कमलजीत पिंटू ने कहा, महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल स्किलिंग और होस्टल की योजनाएं प्रस्तुत की गई हैं, जो महिलाओं की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं करतीं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है। मध्यम वर्ग की समस्याओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा, मध्यम वर्ग को आयकर में कोई राहत नहीं दी गई है, जिससे उनकी वित्तीय समस्याएं बनी रहेंगी। बजट में की गई मामूली कटौतियां केवल दिखावे के लिए हैं और वास्तविक लाभ नगण्य है।

### किसान, युवा एवं मध्यम वर्गीय लोगों के जीवन के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा - कोमल सिंह राजपूत



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट को विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रावधानों की सराहना की और इसे देश सहित प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि इस बजट से सभी वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी खास करके किसान वर्ग के लिए इस बजट में अपार संभावनाएं दिखाई पड़ रही है ।सिंचाई परियोजनाओं के लिए 11500 करोड रुपए बजट में रखे गए हैं, जिससे किसानों का निश्चित रूप से विकास होगा. श्री राजपूत ने बजट में गृह विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता परियोजनाओं के लिए आवंटित राशि से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा होम अफेयर्स के लिए 150983 करोड रुपए का प्रावधान, मनरेगा का बजट 60000 करोड़ से बढ़कर 86 हजार करोड़ रुपये करना, 2.66 लाख करोड़ ग्रामीण विकास हेतु, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 3 करोड़ नए घरों का निर्माण, पीएमजीएसवाई चरण 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारह मासी सड़क ग्रामीण जीवन के उत्थान में सहायक होगा। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि इस बार के बजट में कृषि, रोजगार, सामाजिक कल्याण, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा के अलावा गरीब, महिला, किसान युवा पर बजट में फोकस किया गया है। यह बजट देश सहित प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और सभी क्षेत्रों में सुधार और प्रगति को बढ़ावा देगा।

### व्यापार व्यवसाय को बढ़ावा देने वाला बजट- राजा माखीजा



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश मंत्री राजा माखीजा ने केंद्र सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत मोदी सरकार 3 के बजट को देश में व्यापार व्यवसाय को बढ़ावा देने वाला बताते हुए कहा कि इस जनहित कारी बजट से न केवल व्यापार व्यवसाय से जुड़े लोग लाभान्वित होंगे। गरीब किसान, युवा, महिलाएं सभी लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस बजट मे 12 नए हब को मंजूरी, लांग टर्न कैपिटल दर में कमी, टैक्स के स्लैब में बदलाव के तहत न्यू टेक्स रिजिंग 2024- 25 के टैक्स में 3 लाख तक कोई टेक्स नहीं, 7 से 10 लाख तक 15 प्रतिशत व 15 से 20 लाख तक 20 प्रतिशत दर पर टैक्स के प्रावधान देने से व्यापार व्यवसाय से जुड़े लोगों को टेक्स पटाने में सहुलियत होगी वहीं मध्यम वर्ग को भी इससे लाभ मिलेगा। श्री माखीजा ने कहा कि मोदी सरकार 03 की इस बजट में 21 हजार करोड़ का पावर हब, स्पेशल इकानामी के लिए 1000 करोड़, व्यापार व्यवसाय करने वालों को मुद्रा लोन में 10 से 20 लाख रुपए की वृद्धि, सोने-चांदी से लेकर जूते चप्पल कपड़े आदि सस्ते किए जाने से व्यापारी वर्ग सहित हर वर्ग लाभान्वित होंगा। श्री माखीजा ने राजग वाली मोदी सरकार 03 के इस बजट को व्यापार व्यवसाय को बूम देने वाला तथा युवा वर्ग को नौकरी व रोजगार देने वाला तथा सिंचाई के लिए 11 हजार करोड़ के प्रावधान सहित कृषि के क्षेत्र में 1,5 लाख करोड़, 5 राज्यों में किसान कार्ड लांच कर किसानों को गरीबी से निकालने वाला बजट है। इसमें महिलाओं के लिए कौशल विकास योजना, युवाओं को इंटर्न शीप योजना से रोजगार के बंपर अवसर मिलने के मार्ग प्रशस्त कर दिए गए हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह बजट भारत को 3 ट्रिलियन डॉलर वाले देश बनाने वाला बजट है जिससे हमारा देश न केवल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में न ई उंचाई को छुएगा, नालंदा, गया जैसे धर्म स्थल क्षेत्र का विस्तार विकास कर विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करने वाला साबित होगा।

### मध्यम वर्ग एवं युवाओं का है बजट- गंगवानी



वित्त मंत्री ने मंगलवार को लोकसभा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश किया। इस पर छत्तीसगढ़ यूथ फॉर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश गंगवानी के प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहां कि यह बजट मध्यम वर्ग एवं युवाओं का बजट है इस बजट में युवाओं के लिए 5 वर्ष में 1000 आईटीआई का उन्नयन करने की बात कही गई भारत की बड़ी कंपनियां 5 सालों में एक करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देगी, किसानों के बजट में 25,000 करोड़ की वृद्धि की गई है। मुद्रा लोन की रकम को 10 लाख से बढ़कर 20 लाख रुपए किया गया है जिससे व्यापारियों को आसानी होगी द्य स्वास्थ्य के क्षेत्र में कैंसर से संबंधित दवाइयां में कस्टम ड्यूटी कम करके कैंसर के इलाज को सस्ता करने की बात कही गई है जो कि स्वस्थ भारत की दिशा में एक मजबूत कदम होगा, छात्रों को विशेष रूप से एडमिशन लोन लेने का प्रावधान किया गया है।

### भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सहायक बजट - किशुन यदु



नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मोदी सरकार द्वारा आज जारी किया गया बजट भारत को विश्वगुरु बनाने के ओर अग्रसर करने वाला जनहितैषी बजट है। उन्होंने कहा कि भारत को विकासशील राष्ट्र बनाने के लिए वो सभी बातें इस बजट में रखी गई हैं जिससे हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो सकें। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने गरीब, युवा,अन्नदाता, महिला पर फोकस करते हुए इस बजट को जारी किया है जिससे ना सिर्फ रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे बल्कि किसानों को भी समृद्धि मिलेगी और साथ महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह अमृतकाल का बजट शताब्दी पर विकसित भारत की ऊंचाई को छूने वाला बजट है। उच्च बहुराष्ट्रीय कंपनियों में युवाओं को 5 साल इंटर्नशिप की सुविधा मिलेगी, उन्हें आर्थिक सुविधा भी उपलब्ध कराया जाएगा, ट्रेनिंग के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से वहन करेगी, युवा पहल की तुलना में और अधिक कुशल युक्त होंगे. 5 करोड़ आदिवासियों को होगा फायदा आदिवासी समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान शुरू कि जाएगी इस योजना में आदिवासी बहुल गांव और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवार के लिए संतृप्त कवरेज को अपनी गई जिसमें 63,000 गांव को कर किया जाएगा। एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप जिसमें 5000 प्रति माह इंटर्नशिप भट्ट 6000 का एक मुश्त सहायता दी जाएगी। रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाओं की घोषणा की है पहली बार नौकरी करने वाले सभी औपचारिक क्षेत्र में नए प्रवेश को एक महीने का वेतन दिया जाएगा। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन की दिशा में ईपीएफओ दिशा निर्देशों के अनुसार कर्मचारियों और न्यायिकताओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा इसके साथ ही कर्मचारियों को सहायता जिसमें सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार, 50 लाख लोगों को अतिरिक्त रोजगार देने के लिए प्रोत्साहन योजना शामिल है।

### देश के सर्वस्व विकास को देखते हुए अच्छा बजट-अशोक चौधरी



भाजपा नेता अशोक चौधरी ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण जी ने आज जो बजट पेश किया वह सर्वोन्मुखी है। कृषि कार्य के लिए 152 लाख करोड़ रुपए। महिला के लिए 3 लाख करोड़ रुपए। 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी आवास योजना के लिए अलग से योजना बनाई गई है। बेरोजगारों के लिए 2 लाख करोड़ खर्च करके 4 करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर नौकरी दिया जाएगा यह अपने आप में बहुत बड़ी योजना है। कौशल विकास में प्रशिक्षित लोगों के लिए मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़कर 20 लाख किया गया है इससे सभी लोगों को रोजगार मिलेगा और वह अपने स्तर पर अन्य लोगों को रोजगार देने में सक्षम होंगे। कृषि विकास मे दलहन और तिलहन को फोकस किया गया है किसानों को बिजली मुफ्त देने के लिए सौर ऊर्जा से बिजली के कनेक्शन हेतु विशेष छूट का प्रावधान किया गया है जिसका सीधा लाभ किसान उठाएंगे और कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी पहली बार कांग्रेस ने को आलोचना करने मौका नहीं मिला। पी. चिदंबरम ने बजट की सराहना की है और कांग्रेस पार्टी ने कहा कि हमारे विजन से ही नकल करके बजट बनाया गया है इसके लिए सरकार को कांग्रेस को धन्यवाद देना चाहिए। आशुतोष जी जैसे पत्रकार जो कभी भी सरकार की आलोचना करने में नहीं चूकते, उन्होंने भी बजट की की सराहना की है कुल मिलाकर बजट देश के सर्वस्व विकास को देखते हुए अच्छा बजट कहा जाएगा। सरकार को यह देखना होगा की बजट का क्रियान्वयन सही तरीके से हो।

### ये 'देश की तरक्की' का नहीं, 'मोदी सरकार बचाओ' बजट है - मेहुल मारू



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने मोदी सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी 'रेवड़ियां' बाँट रहा है, ताकि एनडीए बची रहे । ये 'देश की तरक्की' का नहीं, 'मोदी सरकार बचाओ' बजट है ।10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित घोषणाएं हुई हैं, जो सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं। वही किसानों को लिए केवल सतही बातें हुई हैं, डेढ़ गुना एमएसपी और आय दोगुना करना-सब चुनावी धोखेबाज़ी निकली। मेहुल मारू ने कहा आये दिन रेल हादसे हो रहें हैं, ट्रेनों को बंद किया गया है, कोच की संख्या घटी है, आम यात्री परेशान हैं, पर बजट में रेलवे के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, कोई जवाबदेही नहीं है।

## अनमोल दावा

> *जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उतनी ही निश्चित है जितना कि मृत होने वाले के लिए जन्म लेना। इसलिए जो अपरिहार्य है उस पर शोक मत करो।*

# गरिमा बनाम गुनाह, उच्च पदों की मर्यादा को बनाए रखने के लिए कार्य और व्यवहार में संतुलन जरूरी

सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक मामलों में संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या कर मनमानी लाभ लेने वालों पर नकेल कसी है, इसलिए इस मामले में भी लोगों को उम्मीद बनी है कि संवैधानिक संरक्षण की आड़ में राज्यपालों के अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहारों पर रोक लगाने का कोई व्यावहारिक रास्ता निकल सकेगा।

संवैधानिक पदों का निर्वाह करने वाले लोगों को आपराधिक मामलों में सुनवाई, सजा आदि से इसलिए संरक्षण प्रदान किया गया है कि इससे उस पद की गरिमा आहत हो सकती है। ऐसे लोगों से भी यह स्वाभाविक अपेक्षा रहती है कि वे उस पद की गरिमा के अनुरूप आचरण करें। मगर इस तकाजे की कई बार अनदेखी की जाती है। खासकर राज्यपालों के कार्य और व्यवहार को लेकर अनेक मौकों पर अंगुलियां उठी हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पर राजभवन में काम करने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया और राजभवन के अधिकारियों ने उसे राजभवन में बंधक बनाए रखा।

मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया। अदालत ने कहा कि राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत आपराधिक मामलों में संरक्षण प्राप्त है। उन पर तब तक कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, जब तक वे अपने पद पर हैं। तब पीड़िता ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई कि अनुच्छेद 361 के खंड दो में राज्यपालों को दी गई छूट में मामले की जांच पर रोक का कोई उल्लेख नहीं है। यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में जांच में देरी पीड़िता को न्याय दिलाने में बाधा है। सर्वोच्च न्यायालय इस मामले के मद्देनजर अनुच्छेद 361 की समीक्षा को राजी हो गया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक मामलों में संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या कर मनमानी लाभ लेने वालों पर नकेल कसी है, इसलिए इस मामले में भी लोगों को उम्मीद बनी है कि संवैधानिक संरक्षण की आड़ में राज्यपालों के अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहारों पर रोक लगाने का कोई व्यावहारिक रास्ता निकल सकेगा। साथ ही इस सिद्धांत की रक्षा होगी कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव के अनेक मौके देखे गए और उनमें से कई में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल के अधिकारों की व्याख्या करते हुए उनकी राजनीतिक सक्रियता पर विराम लगाया, उससे भी सर्वोच्च न्यायालय के ताजा कदम पर सबकी नजर रहेगी।

यों राज्यपालों की नियुक्तियों को लेकर ही लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। सक्रिय राजनीति में लंबा समय बिता चुके लोगों को राज्यपाल पद की जम्मेदारी सौंपी जाती है, तो वे राजभवन में रहते हुए भी अपने दल और केंद्र सरकार की इच्छाओं के अनुरूप काम करते देखे जाते हैं। यही वजह है कि जहां उन्हें राज्य की चुनी हुई सरकार के साथ तालमेल बिठा कर फैसले करने चाहिए, वे नाहक उसके काम में अड़ंगा लगाना शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी लंबे समय से यही देखा जा रहा है। इसी आधार पर राज्यपाल शुरू में अपने ऊपर लगे आरोप को राज्य सरकार की साजिश कह कर खारिज करने का प्रयास करते रहे। मगर मामला इतना हल्का है नहीं।

किसी राज्यपाल पर छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न का आरोप उस पद की गरिमा को चोट पहुंचाने जैसा है। ऐसे मामलों की सच्चाई तो किसी भी हाल में उजागर होनी चाहिए। उसकी जांच को केवल इसलिए नहीं रोक दिया जाना चाहिए कि राज्यपाल को आपराधिक मामलों में संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। लेकिन अगर राज्यपाल के अधिकार संरक्षण को ऊपर रखा जाएगा, तो आरोप लगाने वाली महिला के न्याय के अधिकार की रक्षा कैसे हो पाएगी। इन्हीं सब सवालों के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय राज्यपाल को मिले संरक्षण की समीक्षा करेगा। स्वाभाविक अपेक्षा है कि कानून की नजर में सब बराबर हैं का सिद्धांत सर्वोपरि माना जाएगा।

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट

**ललित गर्ग**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं - खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफेक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को ब?ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से ब?ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को ब?ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल स?कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत- सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है।

संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।

आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जाएगा। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। बजट में टूरिज्म पर विशेष बल दिया गया है। पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है।. भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। सरकार ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगी, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आशा के अनुरूप ही बजट का फोकस किसानों, आदिवासियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाओं, विकास और ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्यटन पर रखा है। अपने ढांचे में यह पूरे देश का बजट है, एक आदर्श बजट है। इसका ज्यादा जोर सामाजिक विकास पर है। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन बावजूद यह बजट राजनीति प्रेरित नहीं, देश प्रेरित है। इस बजट में जो नयी दिशाएं उद्घाटित हुई है और संतुलित विकास, भ्रष्टाचार उन्मूलन, वित्तीय अनुशासन एवं पारदर्शी शासन व्यवस्था का जो संकेत दिया गया है, सरकार को इन क्षेत्रों में अनुकूल नतीजे हासिल करने पर खासी मेहनत करनी होगी।

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 213 : सुमंत जी का श्री राम को लेने के लिए प्रस्थान, ध्यानमग्न जानकी जी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा दशरथ की दशा बिगड़ती देखकर सुमंत जी की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने शय्या के पास भूमि पर बैठते हुए राजा दशरथ के चरणों को दबाना प्रारंभ किया। उन्होंने कहा,

''महाराज पहले आप स्वस्थ हों और मैं अभी राजवैद्य को यहां पहुंचने का निर्देश भेजता हूं।''

''महाराज के स्वास्थ्य के संबंध में आप चिंतित न हों सुमंत जी! मैंने पहले ही राजवैद्य को यहां तत्काल पहुंचने का निर्देश दे दिया है। आप बस यहां से प्रस्थान कर कुमार राम को यहां पहुंचने का महाराज का संदेश दें ताकि महाराज उन्हें वन जाने के लिए कह सकें।'' कैकेई ने कहा।

मेरे लिए क्या आज्ञा है महाराज? सुमंत जी ने पूछा।

''सर्वप्रथम तुम राम को यहां लेकर आ जाओ सुमंत! राम शोकविमोचक है। उसे देखते ही मन में प्रसन्नता की लहरें हिलोरें लेने लगती हैं। जिस महान पीड़ा में उसके पिता हैं, मुझे विश्वास है कि उसके आने के बाद मेरी यह पीड़ा दूर हो जाएगी और अयोध्या में आज सूर्योदय पर जो ग्रहण लगा हुआ है, वह दूर हो जाएगा।''

रानी कैकेई ने व्यंग्यपूर्वक कहा,

''तो आपने अभी तक अपना मन नहीं बनाया है महाराज! आप इस आशा में हैं कि आपको वे दोनों वर देने ही न पड़े। अद्भुत दाता हैं आप! रघुवंशी सम्राटों को मैंने कभी इतना असहाय नहीं देखा, जितने अभी आप हैं।''

सुमंत जी ने कहा, ''रानी जी! आप अपने निर्णय पर कृपया पुनर्विचार कर लीजिए। आपका यह हठ भावी इतिहास में आपको स्थाई अपयश प्रदान करेगा। आपके दुराग्रह से कुमार भरत और कैकेय नरेश दोनों की उज्ज्वल कीर्ति भी कलंकित होगी।''

''आप अपनी सीमा का पुनः उल्लंघन कर रहे हैं मंत्री जी! आप महाराज की आज्ञा का पालन करते हुए यहां से पुत्र राम के कक्ष की ओर प्रस्थान करें।''

सुमंत जी रवाना हुए। उधर अपने निज कक्ष में श्री राम ने ब्रह्म मुहूर्त में शय्या त्याग कर दिया था।वे स्नान आदि से निवृत्त होकर अपने कक्ष में बने हुए काष्ठ मंदिर के पास पहुंचे, तो वहां जानकी जी ध्यान मग्न थीं।


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -127

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ड़ा | मे | ड़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू- दोकू क्र.127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

# करप्शन के किंग पिन, अपने पन के किंग मित्र

आज अखबार पढ़कर
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
पूणे में हुए बीजेपी के
महाराष्ट्र अधिवेशन में
केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने
विपक्ष पर तीखा हमला किया।
और शरद पवार को
देश में करप्शन का
'किंगपिन' निरूपित कर दिया।
उन्होंने हमारे देश में, भ्रष्टाचार को,
संस्थागत बना दिया है।
फिर आगे उन्होंने मन्तव्य प्रकट किया है -
''मै शरद पवार को यह बताने आया हूँ,
जब भी महाराष्ट्र में भाजपा सत्ता में आती है,
मराठा समुदाय आरक्षण पाता है,
पर शरद पावर की सरकार सत्ता में आती है,
तो मराठा-आरक्षण खत्म हो जाता है।
इस पर मैं आपसे पूछता हूँ गजाधर ।
अगर शरद पवार, मय परिवार,
सत्तापार्टी में आ जाएँ तो... ? ''
गजाधर मुस्कराए बोले -
''फिर तो बानी वो,
'करप्शन के किंगपिन' नहीं,
'अपने पन के किंगमित्र हो जाएंगे
भ्रष्टाचारी नहीं, वो सदाचारी कहलांएगे।''



गिरीश बख्शी

## कविता


# मनोरम छटा सुहावने सावन की

चहुँ ओर
सावन की हरी-भरी डोंगरी देख
हो जाता है चित्त एकाग्र,
पुलकित अंतः सागर में
उछलने लगती हैं शब्दों की धाराएँ।
सौंधी गंधयुक्त नम मेड़
पहने हों जैसे नख-शिख
तृणमूल का हरितवर्ण आभूषण।
टखने तक पानी भरे खेत में
बियासी करते किसान की
अरा-तता की मीठ बोली
वृषभों को लगता है लोकगीत।
बरसते मेघ का
मोरी से गिरता पानी चाहता है
रामबाई की तनी देह को भिगोना,
तभी तो
माथे की सिलवटों से होते
चेहरे को दरपकर ठुड्डी से गिरता है
वक्षस्थल पर झरने की तरह।
गिरि-श्रृंखलाओं में
उड़ते बकवृंद को जैसे
प्रकृति ने छिड़क दी हो
मुट्ठी भर लाई और
पसर गयी मनोरम छटा
सुहावने सावन की।




टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क - 9753269282.

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। जो भी नया करना है, आज कर लें। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आप सकारात्मक रहेंगे। आज आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा।




**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का माहौल आपके लिए अच्छा होगा। धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज ऑफिस के कार्यों में सहकर्मियों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज कोई पुरानी देन-दारी निपटाएंगे। आज दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। धैर्य और समझदारी से कार्य करेंगे तो आपको सफलता मिलनी तय है।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप ऑफिस के रुके हुए कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से पूरा कर लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज परिवार के सदस्य के साथ समय बीत सकता है।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके स्वभाव में लचीलापन रहेगा। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह देगा, यह सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। आज दोस्तों के साथ समय बिताएंगे, इससे आपकी दोस्ती और भी अच्छी होगी।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए बॉस से बात करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलेगी। सक्सेस के लिए प्लानिंग करनी चाहिए, आने वाले दिनों में फायदा हो सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नौकरी का ऑफर मिल सकता है।



**तुला**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। किसी कारण से पिताजी आपको कोई नई जिम्मेदारी दे सकते हैं जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़े फैसले आज आपके पक्ष में आयेंगे।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा, आपको किसी काम में सहकर्मियों की मदद मिलेगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।




**धनु**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रह सकते है। आज कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। कुछ नए काम अचानक सामने आ सकते हैं। आज आपके सोचे हुए ज्यादातर काम पूरे होंगे। आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कहीं घूमने जाएंगे।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे। आज आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज आप नये-नये लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल बना रहेगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नए काम करने की कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करेंगे तो हो सकता है आपको ज्यादा फायदा हो। किसी करीबी से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को करने में व्यस्त रहेंगे। आज आपको सकारात्मक सोच से कार्यों को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। घर के जरूरी काम आज पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज किसी काम में दोस्तों और भाइयों से मदद मिल सकती है।

# निर्माणाधीन सडक़ राहगीरों के लिए जानलेवा : पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार की घोर लापरवाही

डोंगरगांव (दावा)। पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार की घोर लापरवाही के चलते शहर के सरहद में निर्माणाधीन सडक़ राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है. पूरे सडक़ में बेतरतीब तरीके से खोदे गए गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं. शहर में बढ़ रहे सडक़ हादसों में अधिकांश दुर्घटनाएँ एक छोर के पेट्रोल पंप से दूसरे छोर के पेट्रोल पंप के बीच ही हो रही हैं और इसी क्षेत्र में सडक़ का चौड़ीकरण किया जा रहा है. करियाटोला के समीप पेट्रोल पंप के पास सडक़ के बीचों बीच गड्ढे में मंगलवार की सुबह अनेक बाईक सवार हादसे का शिकार हुए. बीच सडक़ में लगभग एक फीट गहरे और तीन फीट चौड़े गड्ढे में दुर्घटनाओं में महिलाओं के बच्चे में शामिल हैं, जिसमें एक सब्जी व्यापार करने वाला युवक लिकेश कुमार साहू पिता तेजराम निवासी बम्हनीचारभांठा(छुरिया) को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया है. यह युवक बीच सडक में गड्ढा होने के चलते अपनी प्लेटिना बाईक से गिर पड़ा और उसके पेट, हाथ और पैर में गंभीर चोट आयी है.



- मामला नगर के मध्य गुजरने वाले स्टेट कारीडोर का
- एक ही दिन में सात दुर्घटनाओं में 4 घायल
- 18 करोड़ की सडक़ 28 दिन नहीं चल पाया

नगरवासियों की सुविधा तथा दुर्घटनाओं से मुक्ति के लिए साढ़े अट्ठारह करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सडक़ अब लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है. मंगलवार को सुबह सात छोटे बड़े वाहन उक्त सडक़ में दुर्घटना के शिकार हो गए. इन दुर्घटनाओं में चार व्यक्तियों को गंभीर चोटें आयी है. मामला डोंगरगांव मध्य से गुजरने वाले स्टेट कारीडोर के करियाटोला केनाल के पास की है. जहाँ घटिया सडक़ निर्माण के चलते सडक़ में बड़े बड़े गड्ढे तथा जल जमाव की स्थिति है जिसमें वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. इनमें दो वाहन चालकों के हाथ व पैर की हड्डी टूटने तथा एक अबोध सवार के सिर फटने सहित एक मिडियाकर्मी दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं. वहीं दुर्घटना के घंटों बाद भी न ही संबंधित ठेकेदार अथवा पीडब्ल्यूडी विभाग के कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे थे वहीं मिडियाकर्मियों तथा आमजनों के व्दारा उक्त मार्ग की बेरिकेटिंग कर लोगों की आवाजाही दुर्घटनाजन्य क्षेत्र से परिवर्तित की गई.

हादसों के बाद भी नहीं ले रहे हैं सबक - ऐसा नहीं है कि मंगलवार को घटित यह घटना पहली है अलबत्ता उक्त सडक़ जो कि क्षेत्रीय विधायक के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है तथा पूर्ववर्ती सरकार के दौरान ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था और तब से लेकर अब तक इस सडक़ निर्माण क्षेत्र के भीतर 22 से अधिक छोटे बड़े वाहन दुघटनाओं के शिकार हुए हैं. इन दुर्घटनाओं के पीछे संबंधित ठेकेदार के व्दारा निर्माण क्षेत्र में सुरक्षा के समुचित प्रबंध नहीं करना तथा अव्यवस्थित एवं घटिया निर्माण कार्य है. जिसे लेकर नगर में दो बड़े आंदोलन भी हो चुके हैं परन्तु विभाग है कि कार्यवाही करने के बजाए ठेकेदार को संरक्षण देकर अपनी जेब भरने में लगे हैं.

18 करोड़ की सडक़ 28 दिन नहीं चला - नगर के मध्य से गुजरने वाली स्टेट कारीडोर के साढ़े तीन किलोमीटर के पैच में 18 करोड़ की लागत से सडक़, डिवाईडर, ड्रेनेज सिस्टम तथा सौंदर्यीकरण भी किया जाना था. इसके लिए निर्धारित अवधि भी व्यतीत हो चुकी है परन्तु ठेकेदार व्दारा नियमों की अनदेखी कर शेड्यूल एवं डीपीआर के विरूद्ध निर्माण कार्य को धीमी गति से किया जा रहा है. वहीं गुणवत्ता की बात करें तो 28 दिन पूर्व किये गए डामरीकरण का कार्य अपनी हकीकत खुद बयान कर रहा है. स्थिति यह है कि सडक़ के शुरूआती जीरो माईल से लेकर अंतिम छोर तक नई नवेली सडक़ गड्ढों में तब्दील हो गई है. इससे भी गंभीर बात यह है कि ठेकेदार को पहले ड्रेनेज सिस्टम बनाने के उपरांत ही सडक़ का निर्माण कार्य किया जाना था परन्तु अब तक सडक़ तो आधी अधूरी बना दी गई है वहीं ड्रेनेज सिस्टम को लेकर विभाग व ठेकेदार दोनों ही उहापोह की स्थिति में हैं.

### क्या कहते हैं जिम्मेदार -

इस मामले में पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर कौशल कुमार जत्ती ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे थे अभी ऑनलाईन मीटिंग में हैं.

वहीं विभाग के एसडीओ हर्षद साहू ने बताया कि नाली काटकर नहर नाली में पानी निकासी की जा रही है, वहाँ कपड़ा दुकानदार व्दारा अतिक्रमण के चलते पानी निकासी की समस्या है. जिसे दूर कर गड्ढों को डब्ल्यूएमएम से भरा जायेगा.

इस मामले में संबंधित ठेकेदार लेखराम साहू से मोबाईल नंबर 9406081449 से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु नो रिप्लाई रहा.

वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर नगर पंचायत के जेसीबी से नाली काटकर पानी निकासी का रास्ता बनाया गया है और सडक़ के दोनों ओर बेरिकेटिंग की गई है. जो कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग व्दारा पूर्व में किया जाना चाहिए वही कार्य दुर्घटनाओं के बाद नगर पंचायत को करना पड़ रहा है.

# अवैध शराब की बिक्री करने वाली महिला पुलिस के गिरफ्त में



**घर के अंदर प्लास्टिक के डिब्बे में रखी थी छुपाकर रखी थी शराब**

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के निकट के ग्राम आरी में अवैध धन कमाने के लालच में अवैध शराब की बिक्री करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम आरी के रहवासियों के सामने प्लास्टिक के डिब्बे में छूपा कर रखे 45 नग पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमती 4020 रूपये को बरामद किया है। गिरफ्तार महिला को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत किया जेल भेजा दिया गया है।

बता दे कि थाना प्रभारी डोंगरगांव, निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में जुआ, शराब, चोरी व अन्य गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान ग्राम आरी मे शराब बिक्री की शिकायत पर थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के द्वारा पुलिस टीम गठित कर 22 जुलाई को प्राप्त सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम सउनि ईश्वर यादव ग्राम आरी के आरोपिया माधुरी नेताम के घर के अंदर एक प्लास्टिक के डिब्बा मे अवैध रूप से छुपाकर रखे 45 नग देशी प्लेन शराब 'शोले' निर्मित सील बंद प्रत्येक में 180 एमएल भरी हुई कुल 8.100 लीटर शराब कीमती 4020 रूपये को निकाल कर गवाहों के समक्ष अपराध क्रमांक 188/24 धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपिया माधुरी नेताम पिता बिसेलाल नेताम, उम्र- 19 साल, पता- बेरियर के पास ग्राम आरी को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार की सुचना परिजन को दी गई है। बताया जाता है कि थाना डोंगरगांव के अपराध क्रमांक 98/24 धारा 34 (1) के तहत पूर्व में भी आरोपिया के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है। आरोपिया माधुरी नेताम को ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

# युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा यह बजट-शशिकांत द्विवेदी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आम बजट पेश किया जो देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। उक्त बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि यह बजट आम जनता को तमाम सौगातें दी है। इस बजट से युवाओं, महिलाओं तथा गांव, गरीब और किसानों को काफी सौगात मिली है। युवाओं के लिए इस बजट में ऐसे प्रावधान किए गए हैं जिससे इनकी रोजगार में बढ़ोतरी होगी। देश के शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें हर महीने 5000 रूपए का मासिक भत्ता दिया जाएगा। यह योजना युवाओं के लिए रोजगार तैयार करने में मददगार साबित होगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी करने वाले को एक माह का वेतन दिया जाएगा। गांव ,गरीब ,किसानों को समृद्धि की ओर ले जाने वाला बजट है। साथ ही युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। वित्त मंत्री ने कामकाजी महिलाओं के लिए भी हॉस्टल बनाने का प्रावधान किया है । इस बार के बजट में रोजगार और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु 10लाख रूपए तक का एजुकेशन लोन का प्रावधान किया गया हैं। इस बजट का स्वागत करते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि इस बजट में किसानों के लिए 1.52 लाख करोड़ रु कृषि क्षेत्र के लिए प्रावधन किए गए हैं। कृषि क्षेत्र के लिए रखे गए ऐतिहासिक पैकेज से देश के साथ ही साथ छत्तीसगढ के किसानों के लिए एक नई हरित क्रांति लाकर किसानों को समृद्ध बनाएगा। नेचुरल फार्मिंग की दिशा में भी काम किए जाने का इस बजट में प्रावधान किया गया है। अगले एक साल में एक करोड़ किसान इससे जुड़ेंगे। शिक्षा के लिए 1.48 लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है । गरीब, महिला और युवाओं पर विशेष फोकस किया गया है। इस बजट में एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप और इंटर्नशिप के दौरान ?5000 महीना दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है।श्री द्विवेदी ने कहा कि रोजगार कौशल के लिए 2 लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है।इस बजट में बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20लाख रुपए तक किया गया है । जिससे युवाओं को स्टार्टअप में मदद मिल सकेगा। इस योजना से निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे । कृषि क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके इसके लिए सारे उपाय किए गए हैं।गरीबों के लिए 3 करोड नए आवास बनाने का भी प्रावधान किया गया है। इस प्रकार यह बजट नए अवसर, नई ऊर्जा लेकर आया है। लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। इस बजट से रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। यह बजट 2047 में भारत को विकसित भारत बनाने वाला मोदी जी का संकल्प सिद्ध करने वाला बजट है। श्री द्विवेदी ने कहा कि इस बजट में ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड रुपए का प्रस्ताव किया गया है। इससे निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार गांव, गरीब, किसानों और युवाओं के हित में कल्याणकारी कदम उठाएगी। निश्चित रूप से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

## बजट निराशाजनक- सुयश नाहटा



डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत, डोंगरगांव के उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने आज संसद में पेश बजट छत्तीसगढ़ राज्य के लिए निराशाजनक है. यह बजट सिर्फ़ बिहार और आंध्रप्रदेश को ध्यान में रखकर बनाया गया है. छत्तीसगढ़ के एक्सप्रेस-वे को रद्द करके बिहार को चार एक्सप्रेस वे दिया गया है. डबल इंजन सरकार का ख़ामियाज़ा छत्तीसगढ़वासियों को भुगतना पड़ रहा है. 10 सांसद और राज्य सरकार बनाने के बाद भी केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ से भेदभाव किया जा रहा है. यह बजट पूरी तरह निराशाजनक और कमजोर है, जो सिर्फ़ सरकार बचाने के हिसाब से बनाया गया है.

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास - हिरेंद्र साहू



डोंगरगांव (दावा)। जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र कुमार साहू ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को लेकर सर्वांगीण विकास का बजट है, जिसे विपक्ष पचा नहीं पा रही है. इसमें हमारे किसान भाइयों के लिए कृषि क्षेत्र में जिक्र करते हुए अब धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन एवं सब्जियों में विशेष प्रोत्साहन का बजट रहा है और इसके साथ-हमारे गरीब किसान भाइयों को प्रधानमंत्री आवास 3 करोड़ पक्का मकान बनाने का बनाने का जो लक्ष्य है. वह छत्तीसगढ़ के गरीब किसानों को मिलेगा, जिसे भूपेश बघेल की सरकार ने रोक रखा था, अब छत्तीसगढ़ के गरीब किसानों को भी पक्का आवास मिलेगा इसलिए यह बहुत अच्छा बजट है और इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है.

## कहने को तो आम बजट पर आम आदमी के लिए कुछ नहीं - निज़ार



डोंगरगढ़(दावा)। कांग्रेस नेता निजार जीवा ने कहा है की, जो आम बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किया गया, बिलकुल निराशा जनक है।देश का अन्न दाता अपना समर्थन मूल्य बढ़ने की बाट जो रहा था नहीं मिला। किसानों की निधि में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। खाद में कोई सब्सिडी नहीं दी गई। टैक्स सैल्ब में बढ़ोतरी हुई जो एक हाथ से लेकर दूसरे हाथ में देने जैसा है। प्रस्तुत बजट केवल कुर्सी बचाव बजट है। यह बजट सिर्फ़ नीतीश कुमार और चंद्रबाबु को मनाने का बजट है।बजट की विश्वसनीयता बाज़ार के हालत बया कर रहे है।

## देश के सुनहरे भविष्य का बजट - परविंदर सिंह मोंटी



डोंगरगढ़ (दावा)। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने कहा है कि इस बार का बजट आजादी के अमृत काल (75वें वर्ष) को समर्पित हैं आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पहला पूर्ण बजट हैं, यह बजट आम जनता को राहत देने वाला बजट है. जिसमे टैक्स स्लैब में बदलाव कर आय कर छूट की सीमा बढ़ाई गई, सामान्य वर्ग, किसान, जनजातीय क्षेत्रों के विकास एवम युवाओ के लिए हितकारी बजट है।

वहीं कोराबारियों और मजदूर वर्ग, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बजट में राहत मिली है.यह बजट भारत की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था से आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।इस बजट में गरीबों को प्रधानमंत्रीआवास, फ्री अनाज, बिजली, पानी, सड़क, स्टार्टअप स्किल इंडिया को बढ़ावा देने फंड,छोटे एवम मझौले उद्योगों को बढ़ावा देने,आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रावधान किया गया है जिससे आत्म निर्भर भारत बनने की ओर अग्रसर है। कुल मिलाकर यह बजट विकास परख एवं सभी वर्गो की आंकाक्षाओं को पूरा करने वाला है।

## कुर्सी बचाओं बजट, ना उम्मीद की बजट - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा, यह कुर्सी बचाओ बजट है। बिहार और आंध्रप्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया। और छत्तीसगढ़ को कुछ भी नहीं। पिछले दस वर्षों से कोई उम्मीद नहीं। हम सिर्फ नारे सुनते रहे। इस सरकार से कोई उम्मीद नहीं। वे बहुत कुछ बोलते हैं, लेकिन किसानों के लिए उन्होंने क्या किया? किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते हैं अभी तक उन्होंने स्वामीनाथन लागू नहीं किया एमएसपी पर कानून नहीं बना। उन्होंने 10 साल में बेरोज़गारी और महंगाई बढ़ा दी।

## आयकर स्लैब में मामूली परिवर्तन - दीपक वेंताल

डोंगरगांव। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आयकर स्लैब में मामूली परिवर्तन से वेतन भोगियों को महंगाई के हिसाब से कोई राहत नहीं मिलेगी। शासकीय कार्यालय में रिक्त लाखों पदों को भरने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है जिससे सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की संभावना कम है।

# श्रेष्ठता को चयन का अवसर मिलता है-नीरज बाजपेयी




**नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर ( मोहड़ ) में छात्रसंघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह**

डोंगरगांव (दावा)। संस्था पदाधिकारी एवं अंचल के शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप - प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्या सुश्री जहान ने कहा कि नेतृत्व क्षमता हासिल करने के लिए व्यवहार एवं अनुशासन दोनों ही बातें जरूरी होती हैं। इस क्षमता का विकास करके ही कोई नेतृत्वकर्ता बन सकता है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं युवा चिंतक इंजी. नीरज बाजपेयी ने अपने धाराप्रवाह उद्बोधन में कहा कि श्रेष्ठता ही आपको चयन का अवसर प्रदान करती है। स्वयं की प्रतिभा को पहचानकर श्रम करते हुए हम बेहतर मकाम हासिल कर सकते हैं। नेतृत्व का गुण व्यक्ति को औरों से पृथक करता है। श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को यह नही भूलना चाहिए कि उस पर औरों की निगाहे हैं। इस बात को समझते हुए नेतृत्वकर्ता को अधिक सजग होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

छात्रसंघ पदाधिकारी के रूप में हेड गर्ल रिशिका जैन, हेडब्वॉय राकेश निषाद, अस्टिेंट हेडब्वॉय सोमिल लोढ़ा, अस्टिेंट हेडगर्ल निश्चयी साहू, अनुशासन- रोहन कुमार, देवनंदनी रावटे, सांस्कृतिक सचिव -लक्ष्य साहू, तनिषा महिलाने, खेल प्रभारी- अरमान शेण्डे, भाविका नेताम, इको क्लब प्रभारी-सुयश सोनी, नितिका सोनकर मनोनीत हुये। ग्रीन (निर्माण) हाउस में संयोग दीक्षित, अवनी पाण्डे, ब्लू (उन्नति) हाउस में मयंक बंजारे, उपासना निर्मलकर, रेड (विजय) हाऊस में संकल्प जैन, श्रेया रॉय यलो (लक्ष्य) हाउस में रविशु नेगी, भाव्या सिन्हा बतौर हाउस कैप्टन मनोनीत हुई हैं। इसी तरह अंग्रेजी लिटरेरी हेड सुमीत कुमार साहू एवं हिन्दी लिटरेरी हेड श्रेया साहू बने। मनोनीत छात्र संघ पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर, प्राचार्या एवं वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सैश व बैज लगाकर सम्मानित किया। इन्हें कर्तव्य एवं अनुशासन की शपथ प्राचार्या द्वारा दिलाई गई। संगीत शिक्षक शरद मेश्राम एवं डोमेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में संस्था के विद्यार्थियों ने एनव्हीएम गीत की शानदार प्रस्तुति दी। समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम में शैक्षणिक स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का प्रसंगानुरूप संचालन शिक्षिका सुरवी लॉरेंस, शिप्रा श्रीवास्तव, भारती मानिकपुरी एवं डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन व्याख्याता चंदन द्विवेदी ने किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में खेल शिक्षक एल. आर. कदम ने दी।

## कु. भीमा वर्मा ने 81.83 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया



डोंगरगढ़(दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने 9 जुलाई को एमएससी वनस्पति विज्ञान -द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी किया जिसमें शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कु. भीमा वर्मा ने 81.83 प्रतिशत के साथ प्रथम, कु. मधु वर्मा पिता नारद वर्मा 78.5 प्रति. के साथ द्वितीय एवं तामेश्वरी साहू पिता हुकुमचंद ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा मे तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.वी. रेवती ने समस्त छात्रों सहित वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह व अतिथि शिक्षक प्रभात बैस को बधाई दी।

## श्रम विभाग द्वारा 2216 हितग्राहियों को विभिन्न योजनांतर्गत 1 करोड़ 16 लाख 72 हजार रूपए से किया गया लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से जिले के पंजीकृत हितग्राहियों को योजनावार राशि से लाभान्वित किया गया है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह मई 2024 तक 2216 हितग्राहियों को विभिन्न योजनांतर्गत 1 करोड़ 16 लाख 72 हजार रूपए से लाभान्वित किया गया है। इसमें मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 405 हितग्राहियों को 81 लाख रूपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 1187 हितग्राहियों को 26 लाख 49 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेघावी शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना अंतर्गत 14 हितग्राहियों को 81 हजार रूपए एवं निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता योजना से 610 हितग्राहयों को 8 लाख 42 हजार रूपए से लाभान्वित किया गया है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया



डोंगरगांव (दावा)। नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय में गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया गया. इस दौरान शहर के दिनेश गांधी, गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, अरुण जैन, संतोष यादव, सेवानिवृत्त व्याख्याता पी.एन.साहू, बीईओ, एबीईओ, सेवानिवृत्त प्राचार्य डी.आर्या, प्राचार्य बी.एल.देवांगन, व्याख्याता आर.के.गणवीर, वाई.आर. कोठारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गुरु वंदना प्रस्तुत किया. इस दौरान दिनेश गांधी ने अपने उद्बोधन में गुरु शिष्य संस्कृति एवं गुरु के विषय में बताया एवं गुरु के बताये मार्ग पर चलने तथा ज्ञान को आत्मसात करने का आव्हान किया. अरुण जैन ने भी गुरु का सम्मान करने की प्रेरणा दी. साथ ही गुलशन हिरवानी, बीईओ आर.एल.पात्रे, एबीईओ जयंत साहू, संतोष यादव एवं डी.आर्या ने भी गुरु महिमा का बखान कर गुरू का सम्मान करने की बात की. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. शाला नायिका छवि सोनकर ने सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन सृष्टि रानी और राहुल सिन्हा के द्वारा किया गया.

# पहला कॉलम...

## ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगे एंडी मर्रे



नई दिल्ली। ओलंपिक 2024 का आयोजन पेरिस में किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 26 जुलाई से हो रही है। वहीं 11 अगस्त को इसका आखिरी दिन होगा। ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों की निगाहें अपने देश के लिए मेडल जीतने पर होंगी। इसी बीच एक स्टार टेनिस खिलाड़ी ने अपन संन्यास को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि एंडी मर्रे हैं। एंडी मर्रे ने पुष्टि की है कि वह 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे। 37 वर्षीय खिलाड़ी अपने पांचवें ओलंपिक खेलों में मेंस सिंगल और डबल्स में खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। ग्रेड ब्रिटेन के खिलाड़ी एंडी मर्रे ने अपने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। मर्रे ने एक्स पर लिखा कि अपने अंतिम टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंचा हूं। टीम ग्रेट ब्रिटेन के लिए खेलना मेरे करियर का अब तक का सबसे यादगार पल रहा है और मुझे यह अंतिम बार करने पर बहुत गर्व है! मर्रे ने पहली बार 2008 में बीजिंग ओलंपिक में हिस्सा लिया था, जहां वह पहले दौर में लू येन-ह्सुन से सीधे सेटों में हार गए थे।

## इथियोपिया में भूस्खलन में अब तक 157 लोगों की हुई मौत

अदीस अबाबा। इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी है। स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी जिले में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गोफा जोन के संचार कार्यालय के प्रमुख कासाहुन अबेयनेह ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 157 हो गई। सोमवार रात तक 55 लोगों की मौत की सूचना थी। गोफा जोन वह प्रशासनिक इलाका है जहां भूस्खलन हुआ है। ज्यादातर लोग सोमवार सुबह हुए भूस्खलन में दब गए। उस समय बचावकर्मी एक दिन पहले हुए एक अन्य भूस्खलन के बाद पीड़ितों की तलाश कर रहे थे। आयेले ने बताया कि मलबे से पांच लोगों को जीवित निकाला गया है।

## कमला के लिए प्रचार करेंगे बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से पीछे हटने के अपने फैसले को च्सही कदमज् करार दिया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण के चलते वह अभी लोगों के बीच नहीं जा पा रहे हैं, लेकिन वह जल्द ही उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। बाइडेन (81) ने गत रविवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की अचानक घोषणा कर सबको चौंका दिया था। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए भारतीय-अफ्रीकी मूल की कमला हैरिस (59) के नाम की सिफारिश की थी। बाइडेन ने अपनी पूर्व प्रचार टीम को फोन पर संबोधित करते हुए इसके सदस्यों से उपराष्ट्रपति कमला को च्दिल से अपनानेज् का आग्रह किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभियान टीम का नाम बदलकर भले ही च्हैरिस कैंपेनज् कर दिया गया है, लेकिन इसका मिशन वही है-डोनाल्ड ट्रंप को हराना। बाइडेन जून में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहस में खराब प्रदर्शन के बाद से ही राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के दबाव का सामना कर रहे थे। उनकी सेहत को लेकर जारी अटकलों के कारण भी डेमोक्रेटिक पार्टी में उनकी जगह किसी और को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी सौंपने की मांग जोर पकड़ने लगी थी।

## शेयर बाजार हुआ धड़ाम

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज आम बजट पेश कर दिया। बजट पेश करने के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स निफ्टी में बड़ी गिरावट देखने को मिली। अभी तक मिली खबरों के मुताबिक निवेशकों के 10 लाख करोड़ डूब गए। बताया जा रहा है कि बजट में सरकार ने पूंजीगत लाभ और ट्रेडिंग डेरिवेटिव पर कर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है, इसकी वजह से शेयर बाजार में गोता लगा है। बांबे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 1200 अंकों की गिरावट के साथ 79224.32 अंकों पर आ गया, वैसे सेंसेक्स 80,724.30 अंकों पर ओपन हुआ था। निफ्टी 232.65 अंकों की गिरावट के साथ 24,276.60 अंकों पर कारोबार करता हुआ दिखाई दिया. वैसे निफ्टी 24,568.90 अंकों पर ओपन हुआ था।?वैसे कृषि क्षेत्र को 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए जाने की घोषणा के बाद कृषि से जुड़े स्टॉकों में 10 फीसदी उछाल देखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा झींगा पालन की योजना की घोषणा के बाद एपेक्स फ्रोजन फूड्स, अवंती फीड्स, वॉटरबेस शेयर में आठ फीसदी तक उछाल आया।

## भारत विमेंस एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा-नेपाल टीम शेफाली-दयालन जितने रन भी नहीं बना सकी



दांबुला। 7 बार की चैंपियन भारतीय टीम ने विमेंस एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम इंडिया ने मंगलवार को नेपाल को 82 रन के अंतर से हराया। यह भारत की लगातार तीसरी जीत है। रंगिरी दांबुला स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। भारत ने शेफाली वर्मा और देयालन हेमलता की शतकीय साझेदारी के सहारे 20 ओवर में 3 विकेट पर 178 रन का स्कोर बनाया। जवाबी पारी में नेपाल की पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन ही बना सकी। नेपाल की सभी बल्लेबाज शेफाली-दयालन जितने रन भी नहीं बना सकी। शेफाली ने 81 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

ओपनर शेफाली वर्मा भारतीय टीम के लिए मैच विनर साबित हुईं। वे ओपनर करने उतरीं और 48 बॉल पर 168.75 के स्ट्राइक रेट से 81 रन बना डाले। उनकी पारी में 12 चौके और एक छक्का शामिल रहा। उन्होंने दयालन हेमलता के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की। भारतीय टीम ने इस मुकाबले के लिए ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किया। शेफाली के साथ दयालन हेमलाता पारी की शुरुआत करने आईं। उन्होंने 42 बॉल पर 47 रनों की पारी खेली। हेमलता ने 5 चौके और एक छक्का लगाया।

स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपने कोटे के 4 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने रूबीना छेत्री, कविता जोशी और विकेटकीपर काजल श्रेष्ठ के विकेट लिए। राधा यादव ने 3 ओवर में महज 12 रन दिए और दो विकेट हासिल किए। उन्होंने कप्तान इंदु बर्मा और डॉली भट्ट को आउट किया। मिडियम पेसर अरुंधति रेड्डी पारी का दूसरा ओवर लेकर आईं और समझना खड़का को बोल्ड किया। उन्होंने 17वें ओवर में सीता राणा मगर को भी बोल्ड किया।

भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा और दयालन हेमलता की ओपनिंग साझेदारी मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। दोनों ने 84 बॉल पर 122 रन बनाए। इस साझेदारी के दम पर भारतीय टीम 178 रन का स्कोर बनाने कामयाब रही। सीता राणा मगर मैच की फाइटर ऑफ द मैच रहीं। उन्होंने गेंदबाजी में दो विकेट लिए। साथ ही रन चेज में ओपनर के रूप में उतरी और 11वें ओवर तक एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सबसे ज्यादा 18 रन बनाए।

## आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को 12 महीनों के लिया किया सस्पेंड

नई दिल्ली। अमेरिका क्रिकेट को आईसीसी की तरफ से बहुत बड़ा झटका लगा है। अमेरिका क्रिकेट को आईसीसी ने 12 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है। आईसीसी ने अमेरिका से कहा है कि वह इस संस्पेंशन के दौरान अपने कामकाज के प्रक्रिया में सुधार करे ताकि जिन नतीजों की उससे उम्मीद का जा रही है वो उन्हें हासिल करे। अगर ऐसा नहीं हो पता है तो फिर अमेरिका क्रिकेट को लंबे समय के लिए सस्पेंड कर दिया जाएगा।

ये फैसला सोमवार को श्रीलंका के कोलंबो में हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में लिया गया है। इस बैठक में अमेरिका द्वारा टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के रिव्यू का फैसला भी किया गया जिसमें विश्व संस्थान के कई आधिकारियों को परेशानी में डाल दिया है। इस रिव्यू के लिए आईसीसी ने एक कमेटी का गठन किया है जिसमें साउथ अफ्रीका के लॉसन नाइडो, सिंगापुर के इमरान ख्वाजा, न्यूजीलैंड के रोजर टॉस शामिल हैं। आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा, ÷आईसीसी बोर्ड इस बात की पुष्टि करता है कि टी20 वर्ल्ड कप की जिस तरह से मेजबानी की गई है उसका रिव्यू किया जाएगा। इसे तीन डायरेक्टर देखेंगे इसमें लॉसन नाइडो, इमरान ख्वाजा और रोजर टॉस शामिल हैं और ये बोर्ड को रिपोर्ट करेंगे।

टी20 वर्ल्ड कप-2024 के बाद आईसीसी के दो अधिकारियों ने इस्तीफा दिया था। क्लायर फर्लोंग और क्रिस टेटली ने अपने पद छोड़ दिए थे। क्रिकबज के मुताबिक, हालांकि आईसीसी ने कहा था कि दोनों अपने पद छोड़ेंगे इस बात की उम्मीद पहले से की जा रही थी। वहीं आईसीसी ने अपने बयान में कहा है कि अमेरिका क्रिकेट बोर्ड में प्रशासन ठीक नहीं है और इसलिए वह मौजूदा समय में आईसीसी के मानको में फिट नहीं बैठता है।

## अभिनव बिंद्रा को मिला आईओसी का सबसे बड़ा सम्मान, 16 साल पहले ओलंपिक में जीता था गोल्ड



नईदिल्ली। अभिनव बिंद्रा की गिनती भारत के बेहतरीन प्लेयर्स में होती है। वह भारत के लिए निशानेबाजी में ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले इकलौते भारतीय हैं। भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने 'ओलंपिक ऑर्डर' अवॉर्ड देने का फैसला किया है। भारत के खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की।

भारत के यूथ अफेयर्स और स्पोर्ट्स मिनिस्टर मनसुख मंडाविया ने 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि ओलंपिक आंदोलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई। उनकी उपलब्धि हमें गौरवान्वित करती है और वह वास्तव में इसके योग्य है। उन्होंने निशानेबाजों और ओलंपिक में भाग लेने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया है। अवॉर्ड समारोह ओलंपिक के समापन से एक दिन पहले 10 अगस्त को पेरिस में 142वें आईओसी सेशन के दौरान आयोजित किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष ने 20 जुलाई को अभिनव बिंद्रा को संबोधित करते हुए एक पत्र में लिखा कि मुझे आपको सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक आंदोलन में आपकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित करने का फैसला किया है। ओलंपिक ऑर्डर' इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। इसके लिए नामांकन ओलंपिक ऑर्डर समिति द्वारा प्रस्तावित किए जाते हैं और कार्यकारी बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जाता है। इस अवॉर्ड की शुरुआत 1975 में हुई थी। अब 41 साल के हो चुके अभिनव बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। वह ओलिंपिक खेलों में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी हैं।

## महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 पर मंडराया खतरा! बांग्लादेश के हालात पर नजर रख रहा आईसीसी



नईदिल्ली। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन बांग्लादेश की धरती पर होना है। इसके लिए आईसीसी पहले ही शेड्यूल जारी कर चुका है। पहला मुकाबला 3 अक्टूबर को खेला जाएगा। वहीं फाइनल मैच 20 अक्टूबर को होगा। लेकिन अब टी20 वर्ल्ड कप से पहले ही बांग्लादेश में चल रही हिंसा ने आईसीसी के सदस्यों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। सरकारी नौकरियों में रिजर्वेशन पॉलिसी को लेकर बांग्लादेश में हिंसा हुई और कई लोगों की जान चली गई। छात्र सड़कों पर उतर आए, जिसके बाद कर्फ्यू और हिंसा हुई।

आईसीसी की श्रीलंका के कोलंबो में एन्यूअल कॉन्फ्रेंस चल रही है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों को लेकर चिंतित है। इससे टी20 वर्ल्ड कप पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। लेकिन अभी तक टी20 वर्ल्ड कप के लिए कोई फैसला नहीं लिया गया है। आईसीसी स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए है। बांग्लादेश में 24 घंटों में स्थिति में सुधार हुआ है। बांग्लादेश में कई हिस्सों में इंटरनेट बंद है। इसी वजह से आईसीसी अधिकारियों की चिंता समझ में आने वाली है।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले दो स्थानों पर खेले जाएंगे। इनमें ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम शामिल हैं। टूर्नामेंट में कुल 23 मैच होंगे। आईसीसी ने मई में ढाका में एक कार्यक्रम में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शेड्यूल को जारी किया था, जिसमें भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना मौजूद थीं। महिला टी20 वर्ल्ड कप के अभी तक 8 एडिशन हो चुके हैं, जिसमें से ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 6 बार ट्रॉफी अपने नाम की है।

## टूर डी फ्रांस विजेता पोगाकर पेरिस ओलंपिक से हटे



पेरिस। टूर डी फ्रांस विजेता ताडेज पोगाकर पेरिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे क्योंकि स्लोवेनियाई राइडर ने थकान के कारण स्वर्ण पदक जीतने का मौका छोड़ दिया है और वह ओलंपिक से हट गए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, स्लोवेनियाई एजेंसी एसटीए ने सोमवार को इस खबर की पुष्टि की, जब पोगाकर ने एक दिन पहले ही दूसरे स्थान पर रहे डेनमार्क के जोनास विंगगार्ड पर छह मिनट से अधिक की बढ़त के साथ अपना तीसरा टूर जीता। पोगाकर ने रेस में दबदबा बनाते हुए छह चरणों में जीत हासिल की, मई में गिरो डी इटालिया जीतने के बाद उनकी जीत और अधिक प्रभावशाली हो गई। उनकी जीत का तरीका और पोगाकर ने शुरुआती सीज़न की एक दिवसीय दौड़ , जो 273 किमी ओलंपिक रोड साइक्लिंग रेस के समान है, में जो फॉर्म दिखाया है । इसका मतलब है कि 2020 टोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता ओलंपिक स्वर्ण जोड़ने के लिए पसंदीदा था। हालांकि, उनके एजेंट एलेक्स कैरेरा ने बताया कि 25 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले तीन महीनों की थकान के कारण पेरिस खेलों से हटने का फैसला लेना पड़ा। पोगाकर और विंगेगार्ड दोनों पेरिस में प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं, रेम्को इवनपोएल की बेल्जियम जोड़ी, जो टूर डी फ्रांस में तीसरे स्थान पर रही, और वाउट वैन एर्ट पेरिस में नए पसंदीदा होंगे, इवनपोएल रोड रेस और साथ ही 32 किलोमीटर के टाइम ट्रायल में स्वर्ण के लिए चुनौती दे रहे हैं।

## ओलंपिक इतिहास में अमेरिका ने जीते सबसे ज्यादा मेडल, 1000 से ज्यादा गोल्ड किए अपने नाम



नईदिल्ली। ओलंपिक 2024 का आयोजन इस बार पेरिस में 26 जुलाई से किया जा रहा है। ओलंपिक में कुल 206 देश हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। इन देशों के 10,500 एथलीटों की निगाहें मेडल जीतने पर होंगी।

ओंलपिक के लिए भारत की ओर से कुल 117 एथलीट पेरिस भेजे जा रहे हैं। फ्रांस की राजधानी में ओलंपिक के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है। ओलंपिक का इतिहास काफी पुराना रहा है। इस खेल को 1896 से खेला जा रहा है। ओलंपिक के इतिहास के बारे में बात की जा रही है, तो क्या आप जानते हैं कि किस देश ने ओलंपिक में सबसे ज्यादा मेडल जीता है। अगर नहीं तो आइए इसके बारे में हम आपको पूरी जानकारी देते हैं।

ओलंपिक के इतिहास में सबसे सफल देशों के बारे में बात की जाए तो, इस लिस्ट में पहले स्थान पर अमेरिका का नाम आता है। अमेरिका ने ओलंपिक में कुल 1061 गोल्ड, 830 सिल्वर और 738 बॉन्ज मेडल अपने नाम किए हैं। अमेरिका के नाम ओलंपिक में कुल 2629 मेडल दर्ज हैं। अमेरिका ने शुरुआत से ही ओलंपिक पर अपना राज बनाए रखा है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर किसी देश का नाम नहीं है, लेकिन ऐक संघटन है। यह संघटन सोवियत संघ (यूएसएसआर) है। यूएसएसआर अब अस्तित्व में नहीं है। कई देश मिलकर यूएसएसआर का गठन करते थे। जोकि साल 1991 में टूट गया। यूएसएसआर ने ओलंपिक में कुल 1010 मेडल अपने नाम किए हैं। उन्होंने 395 गोल्ड, 319 सिल्वर और 296 बॉन्ज मेडल जीते हैं। अमेरिका और यूएसएसआर के अलावा किसी भी अन्य देश ने ओलंपिक के इतिहास में 1000 से ज्यादा मेडल नहीं जीते हैं।

ओलंपिक में भारत के अब तक के प्रदर्शन पर एक नजर डालें तो, भारत ने ओलंपिक में कुल 35 मेडल जीते हैं। इस लिस्ट में भारत 58वें स्थान पर मौजूद है। भारत के नाम ओलंपिक में कुल 10 गोल्ड, 9 सिल्वर और 16 बॉन्ज मेडल मौजूद हैं। भारत का प्रदर्शन इन खेलों में कुछ खास नहीं रहा है। पिछले ओलंपिक में यानी कि टोक्यो ओलंपिक में भारत ने कुल 7 मेडल जीते थे और टोक्यो ओलंपिक भारत का सबसे बेस्ट सीजन था। इससे पहले भारत ने ओलंपिक में एक साथ इतने मेडल नहीं जीते थे। इस बार भी भारत को ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों से काफी उम्मीदें हैं। फैंस इस बार दहाई आंकड़े को पार करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## प्रथम पेज का शेष

*विकसित राष्ट्र भी और सधी राजनीति भी...*

और ढांचागत विकास के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान सरकार की नीतिगत निरतंता को ही दिखाता है। वित्त मंत्री ने स्टार्ट अप सेक्टर पर लगाये जाने वाले एंजेल टैक्स को समाप्त करने का एलान किया है।

सोना-चांदी और मोबाइल होंगे सस्ते- मोबाइल फोन के साथ सोना और चांदी पर सीमा शुल्कि को घटा दिया है जिससे इनका आयात सस्ता होगा। मध्यम वर्ग को इस बात से भी राहत मिलेगी कि आयकर गणना में स्टैंडर्ड डिडक्शन की राशि को 50 से बढ़ाकर 75 हजार रुपये किया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि इससे नई टैक्स व्यवस्था को अपनाने वाले करदाताओं को औसतन 17,500 रुपये की कर बचत होगी। इसी तरह से पूंजीगत लाभ गणना को लेकर मौजूदा जटिल नियमों को आसान बनाया गया है।

सरकार पर 11.63 लाख करोड़ रुपये की उधारी- इस अतिरिक्त बोझ के बावजूद सरकार के खजाने की स्थिति बेहद मजबूत है और राजकोषीय घाटे को चालू वित्त वर्ष के दौरान 4.9 फीसद व अगले वित्त वर्ष 4.5 फीसद पर लाने को लेकर वित्त मंत्री पूरी तरह से आशान्वित हैं। आम बजट 2024-25 के दौरान सरकार की कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ रुपये और व्यय 48.21 लाख करोड़ रुपये का है। जबकि बाजार से उधारी 11.63 लाख करोड़ रुपये का है।

*पीएम मोदी ने की बजट 2024 की तारीफः ...*

निरंतरता का बजट है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बजट नौजवानों के लिए अनगिनत नए अवसर देने वाला है। यह बजट देश के युवाओं को नए अवसर प्रदान करेगा और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा। विकास की नई ऊंचाई पर ले जाएगा बजट-धानमंत्री ने कहा कि यह बजट देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाएगा। उन्होंने सभी देशवासियों को इस महत्वपूर्ण बजट के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी पूरी टीम को बधाई। यह बजट जनजातीय समाज और दलितों को मजबूत करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। इससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित होगी। बजट में मैन्यूफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया गया है। रोजगार और स्वरोजगार के लिए अभूतपूर्व अवसर बनाए गए हैं, जो हमारी सरकार की पहचान रही है।

इंटेंसिव स्कीम से पैदा होंगे रोजगार के अवसर- पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया ने पीएलआई स्कीम की सफलता देखी है। सरकार ने बजट में इंटेंसिव स्कीम की घोषणा की है, जिससे देश में करोड़ों रोजगार बनेंगे। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को उनकी पहली तनख्वाह सरकार देगी, जिससे गांव के गरीब युवाओं को देश की टॉप कंपनियों में काम करने का मौका मिलेगा।

डिफेंस सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज डिफेंस एक्सपोर्ट रिकॉर्ड स्तर पर है। इस बजट में डिफेंस सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता समय की मांग है। दलहन-तिलहन की मांग बढ़ाने के लिए किसानों की मदद हेतु प्रोत्साहन की घोषणा की गई है।

*सीएम साय ने ट्वीट कर लिखा अमृतकाल ...*

ताकि छत्तीसगढ़ के लोगों को इसका जल्द से जल्द लाभ मिल सके। गरीब और अन्नदाताओं के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं- मुख्यमंत्री साय ने कहा बजट में गरीब और अन्नदाता के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को फायदा पहुंचाने की बात कही गई है। इससे छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा मिलेगी। साथ ही, 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी और 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा बजट से छत्तीसगढ़ के किसानों को वित्तीय सुरक्षा और कृषि के लिए आवश्यक संसाधन मिलेंगे।

नई उम्मीदें और संभावनाएं मिली - सीएम साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ को इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में लाभ मिलेगा और राज्य की विकास यात्रा को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएगा जाएगा। इस बजट से राज्य के लोगों को नई उम्मीदें और संभावनाएं मिली हैं, जो छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में मदद करेगा।

*विधानसभा का मानसून सत्र ...*

अनिला भेड़िया बोलीं- महिलाओं के अधिकार को छीना गया - अनिला भेड़िया ने कहा कि आप के लोग ही चिल्ला रहे थे कि महिलाओं के अधिकार को छीना गया है। इस पर मंत्री ने मुझे कुपोषित कह दिया है। लेकिन इससे तो यह साबित होता है कि पिछले 5 सालों में आपने कुछ ज्यादा ही खा लिया। इसे फिटनेस कहते हैं। सदन में लक्ष्मी राजवाड़े के इस व्यक्तव्य से जोरदार ठहाके लगे। मंत्री ने कहा कि, जल्द ही बाकी के फूड की सप्लाई भी करा दी जाएगी। इसके साथ ही मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से वॉक आउट कर दिया।

*नीट पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया ...*

पहले हुआ था। बता दें, सीनियर एडवोकेट नरेंद्र हुड्डा के साथ संजय हेगड़े, मैथ्यूज नेदुम्परा याचिकाकताओं की ओर से, जबकि सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता हुज्ञ और केंद्र की ओर से पक्ष रखा।

*'राहुल गांधी ने की देश को उकसा कर..*

देश में अशांति फैलाने की रची साजिश- उन्होंने कहा कि विपक्ष ने इस मामले में देश को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने अराजकता पैदा करने का प्रयास किया है। देश में नागरिक अशांति फैलाने की साजिश रची गई। देश आपको माफ नहीं करेगा। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता अलग-अलग हो सकती है, लेकिन छात्र सभी के हैं।

*इस साल भी जनगणना की संभावना नहीं....*

विधायक श्री पटेल ने आगे कहा कि, महतारी वंदन योजना का गणित मैं नहीं समझ पा रहा हूं। सीएम साय ट्वीट कर कहते हैं कि, 70 लाख महिलाओं के खाते में 650 करोड़ गया। इसमें 50 लाख की कमी होती है। मैंने पता किया तो पता चला कि, सरकार पेंशन पाने वाली महिलाओं के पांच सौ रूपये काट रही है। यह महिलाओं के साथ धोखाधड़ी है।

भाजपा विधायक रिकेश सेन ने लहराया पोस्टर - अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष में नोंक-झोंक हुई। बलौदाबाजार हिंसा का जिक्र होते ही भाजपा विधायकों ने आपत्ति की। भाजपा विधायक रिकेश सेन ने इसी बीच पोस्टर लहराने लगे। जिस पर आसंदी ने नाराजगी जताई और सभी विधायकों के लिए निर्देश जारी किया कि, कोई भी सदस्य सदन में पोस्टर नहीं दिखा सकता है। सभी सदस्यों को संसदीय परम्पराओं का पालन करना जरूरी है।

## अमरीका से बड़ी खबर : सीक्रेट सर्विस चीफ का इस्तीफा, ट्रंप की सुरक्षा में चूक की ली जिम्मेदारी

नई दिल्ली। अमरीका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पर के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पेंसिल्वेनिया रैली में हत्या के प्रयास से संबंधित सुरक्षा चूक पर जांच का सामना करने के बाद अमेरिकी गुप्त सेवा की निदेशक किम्बर्ली चीटल ने इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा अमेरिकी गुप्त सेवा निदेशक की पहली सुनवाई के बाद आया है। व्हाइट हाउस के सलाहकार इंडो अमेरिकन कम्युनिटी के एनआरआई नेता और जो बाइडन के मुख्य रणनीतिकार अजय जैन भुटोरिया ने इस खबर की पुष्टि की है।

चीटल ने सन 2022 से यूएस सीक्रेट सर्विस का नेतृत्व किया है, उन्हें पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक रैली में डोनाल्ड ट्रंप पर हत्या के प्रयास से निपटने के लिए यूएस सीक्रेट सर्विस के तरीके के संबंध में सोमवार को हाउस ओवरसाइट कमेटी की सुनवाई में कड़ी पूछताछ का सामना करना पड़ा। सीक्रेट सर्विस निदेशक किम्बर्ली के नौकरी से हटने की सूचना उनके द्वारा कर्मचारियों को भेजे गए एक ईमेल के माध्यम से दी गई। उन्होंने मंगलवार को कर्मचारियों को ईमेल में कहा, मैं सुरक्षा चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं।÷ ÷हालिया घटनाओं के आलोक में, भारी मन से मैंने आपके निदेशक के रूप में पद छोड़ने का कठिन निर्णय लिया है।

सीक्रेट सर्विस निदेशक किम्बर्ली चीटल को पहले से ही ट्रंप की रक्षा करने में एजेंसी की असमर्थता पर उनकी गवाही से असंतोष के कारण इस्तीफा देने के लिए कॉल का सामना करना पड़ रहा था। रॉयटर्स के मुताबिक, कई रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक सांसदों ने उनसे इस्तीफा देने के लिए कहा। किम्बर्ली चीटल ने कांग्रेस समिति के समक्ष अपनी उपस्थिति के अगले दिन इस्तीफा दे दिया, जहां उन्हें एक रैली में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास से संबंधित सुरक्षा विफलताओं के लिए डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों की आलोचना का सामना करना पड़ा।

# जनदर्शन के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें अधिकारी - कलेक्टर

## ग्राम भर्रेगांव में 25 जुलाई को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन के सभी प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता एवं पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत बड़ी संख्या में पौधे रोपित किए गए हैं, उनकी देखभाल की जानी चाहिए। यह एक सतत प्रक्रिया है और निरंतर यह जारी रहना चाहिए। बैठक में उन्होंने निर्माण एजेंसियों से कहा कि निर्माण के लिए जिस भूमि पर अधोसंरचना तैयार किया गया है, वह भूमि संबंधित विभाग के नाम से नामांतरण करवा लें और इसके लिए एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि बरसात के मौसम में लोगों को जल जनित बीमारियां सहित डेंगू, मलेरिया हो सकता है, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सूचना मिलने पर तत्वरित गति से स्वास्थ्य टीमों द्वारा उपचार प्रारंभ कर दिया जाना चाहिए। कृषि विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी अभी से आगामी रबी फसल के लिए किसानों को धान की फसल लेने के स्थान पर अन्य कम पानी की खपत वाले फसलें लेने के लिए प्रेरित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ मद अंतर्गत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव जनहित से जुड़े होने चाहिए और उन कार्य स्थलों पर सूचना पटल अवश्य लगाए जाएं।

उन्होंने कहा कि आगामी 25 जुलाई को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भर्रेगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी जिला स्तरीय अधिकारी इस शिविर में पहुंचकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में एक कला केन्द्र स्थापित किया जाना है, इसके लिए नगर निगम आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी स्थल चयन कर लें। वर्तमान मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उन क्षेत्रों को विशेष रूप से देख ले जहां जल भराव की स्थिति है। भविष्य में जलभराव की स्थिति नहीं हो, इसके लिए आवश्यकता पडने़ पर नाली एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। छात्रावासों का निरंतन निरीक्षण करते रहे, पेयजल की गुणवत्ता की जांच निरंतर करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जलाशयों में बढ़ा जलस्तर, 6 लोगों से भरी कार नाले में बही

बालोद(दावा)। जिले में मूसलाधार बारिश से शहर में जलभराव की स्थिति है। नदी नाले उफान पर हैं, वहीं 6 से ज्यादा स्कूलों में पानी भर गया। शहर में बस स्टैंड तालाब में तब्दील हो गया है। साथ ही जलाशयों में तेजी से जल स्तर बढ़ रहा है। लगातार बारिश की वजह से हादसे भी हो रहे हैं।

हाल ही में एक कार नाले में डूब गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं बीती रात 6 लोगों से भरी कार बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा और बरही के बीच नाले में बह गई। हालांकि कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं, लेकिन कार नहीं मिली है। बालोद का बस स्टैंड पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गया है।

शहर का बस स्टैंड स्विमिंग पूल में तब्दील हो चुका है। बस स्टैंड के बाजू से गुजरने वाले ह॥930 के निर्माण के साथ ही ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई है। बस स्टैंड में 3 फीट तक पानी भर गया, जिसके कारण आवागमन प्रभावित रहा। बड़े टायर वाले वाहन जैसे तैसे बस स्टैंड में घुसे, लेकिन यहां पर छोटी गाड़ियां नहीं घुस पा रही हैं।

बारिश के वजह से आधा दर्जन स्कूलों में ताला लगा हुआ है, जिसमें गुरुर तहसील के स्कूल सबसे ज्यादा शामिल हैं। डोटोपार गगोरी पार स्कूल जलमग्न है। बच्चों को छुट्टियां दे दी गई है। इसी तरह हाल कुछ शासकीय दफ्तरों का रहा सांस की दफ्तरों तक भी पानी पहुंच गया और कर्मचारियों की संख्या भी काफी कम रहा स्कूल कॉलेज में भी बच्चों की उपस्थिति बेहद कम रही। तांदुला जलाशय का जलस्तर सबसे निचले स्तर पर था, लेकिन दो दिनों से हुई बारिश की वजह से तेजी से जलभराव दर्ज किया गया है। जलाशय 2 दिनों के बारिश के बाद 23 फीट तक चला गया है। मंगलवार शाम तक 2 फीट और बढ़ सकता है। इस जलाशय को खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। तांदुला जलाशय में 20 प्रतिशत पानी भर चुका है। वहीं गोंदली जलाशय में 12 और खरखरा जलाशय में 25 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। वहीं मटिया मोती जलाशय में 30 प्रतिशत पानी भरा हुआ है।बारिश की वजह से बालोद शहर के कई घरों में पानी भर गया है।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विगत कुछ दिनों से प्रदेश के साथ-साथ बालोद जिले में लगातार हो रही तेज बारिश को देखते हुए जिले के आम नागरिकों इस दौरान किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

# पत्रकारिता को कलंकित कर रहे फर्जी पत्रकार, करते है वसूली का धंधा

**खुज्जी (दावा)। आजकल न्यूज वेब पोर्टल की आड़ में ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। अनाधिकृत और कुकुरमुत्ते की तरह उग आए वेब पोर्टलों पर सरकार द्वारा कारगर रोक नहीं लगाने से इसकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्वतंत्र पत्रकारिता के नाम पर वेब पोर्टल की आड़ में तथाकथित पत्रकार अवैध उगाही और ब्लैकमेलिंग के जरिए मोटी कमाई का रास्ता ढूंढते हैं। कुछ लोग इसे शार्टकट से कमाई करने का जरिया बनाने में लगे हैं।**

दरअसल मामला यह है की इन दिनों वरिष्ठ पत्रकारों को भी फर्जी पत्रकारों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल जिन पत्रकारों को पत्रकारिता का प भी पता नही है वे लोग हाथ में माइक लेकर अपने आप को बड़ा पत्रकार कहते हुए शहर में सरेआम बिना किसी रोक-टोक के घूम रहे हैं। देखा जाए तो इन दिनों फर्जी पत्रकार बनने और बनाने का गोरख धंधा तेजी से बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर दिखने वाली हर चौथी गाड़ी में से एक गाड़ी में जरूर प्रेस लोगो दिखता नजर आ जाएगा। वैसे तो जिलों शहरों और नगरो में काफी सारे संस्थाएं पत्रकार की संगठन बनाई गई है लेकिन आज तक उन संगठनों के द्वारा उन फर्जी पत्रकारों के ऊपर कभी भी कोई भी एक्शन नहीं किया गया है। जिससे फर्जी पत्रकार की मानो बाढ़ आ चुकी है।

उल्लेखनीय है कि कुछ फर्जी पोर्टल वाले एक गिरोह की तरह अधिकारियों को टार्गेट करते है और अधिकारियों से मोटी रकम की मांग करते है। जब इन्हें पैसे नही मिलता तो अपनी भड़ास पोर्टल और यूट्यूब मे डाल कर खुद को पत्रकार समाज का हितैषी बताते है। ऐसे फर्जी पत्रकारों का एक ही काम होता है, लोगों से ठगी करने का, इनका काम केवल आम लोगों व प्रशासन में अपनी हनक बनाने का है, और समाचार पत्रों के सीनियर पत्रकारों कि तरह व्यवहार बनाकर सरकारी कर्मचारियों, प्राइवेट प्रतिष्ठानों के मालिकों व सीधी साधी आम जनता में प्रेस का रौब दिखाकर सिर्फ उनसे ठगी व उगाही कर मीडिया की छवि खराब और बदनाम करना होता है पोर्टल वालो को इतनी स्वतंत्रता मिल जाती है कि यह किसी की भी व्यक्ति के निजता का उल्लंघन करने से बाज नही आते है। किसी के निजी जीवन में दखलदांजी करना यह किसी भी तरह से पत्रकारिता में स्वीकारोक्ति नही है। इस तरह से किसी की निजता का उल्लंघन और उसे समाज मे परोसा जाना यह घृणित अपराध की श्रेणी में आता है।

प्रेस कार्ड जारी करने का अधिकार सिर्फ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों को तथा सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को होता है। पुलिस प्रशासन को ऐसे लोगों पर सख्त निगरानी रखनी चाहिए जो यूट्यूब न्यूज चैनल के नाम से आईडी कार्ड बनाकर इधर उधर घूमते नजर आ जाएंगे, इन पर पुलिस प्रशासन को वाहन चेकिंग के दौरान आईडी कार्ड प्रेस कार्ड और कथित संपादक से संपर्क कर असली पत्रकार की पहचान करनी होंगी। इन जैसे ब्लैकमेलरों की वजह से पत्रकारिता अपने कलंकित दौर से गुजर रही है। अगर इस पर लगाम नही लगाई गई तो वह दिन दूर नही की लोकतंत्र का चौथा स्तंभ अपनी विश्वसनीयता को खो देगा इस पर अंकुश लगाया जाना बेहद जरूरी है।

# जिले में अब तक औसत 474.9 मिमी वर्षा दर्ज

### छुरिया तहसील में हुई सर्वाधिक 70.7 मिमी वर्षा



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 474.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 45 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा छुरिया तहसील में 70.7 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 50.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 59 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 23.8 मिमी, घुमका तहसील में 8.5 मिमी, छुरिया तहसील में 70.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 65.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 36.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# गुरू सच्चिदानंद स्वरुप है - नीरज बाजपेयी



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई) मोहड़ में गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं युवा शिक्षाविद इंजी. नीरज बाजपेयी सर ने अपने प्रभावी उद्बोधन में कहा कि गुरू के कार्यो का हर हाल में हमें अनुसरण करना चाहिए।

'गुरू' कल्पवृक्ष के समान होते हैं जिसकी छाया में विद्यार्थी के सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, ने अपने उदबोधन में कहा कि 'गुरू' सर्वोच्च शक्ति संपन्न होते हैं। उनकी यह शक्ति योग्य शिष्य को ही स्थानांतरित होती है इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को योग्यता हासिल करनी चाहिए। संस्था प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने गुरू के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरू ईश्वर के तुल्य होते हैं और हमारे जीवन में उनके आगमन से ही ज्ञान का प्रकाश फैलता है। जिस तरह माँ हमें जन्म देती है उसी तरह गुरू हमें जीवन देता है। वरिष्ठ शिक्षक घनश्याम तिवारी ने कहा कि गुरू विद्यार्थी को संस्का देता है और राष्ट्र को एक भावी नागरिक भी। कार्यक्रम में संस्था के विद्यार्थियों ने गुरू पर केंद्रित सुमधुर भजनों की सिलसिलेवार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग स्पर्धा का भी आयोजन किया गया।

संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित एवं प्रशासक जी राम सिन्हा ने विद्यार्थियों को गुरूपूर्णिमा पर्व की बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रसंगानुरूप संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक नवीन देवांगन ने दी।

# वित्तीय साक्षरता कार्यशाला द्वितीय दिवस का सफल संचालन



शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता कार्यशाला द्वितीय दिवस का सफल संचालन अरुण कुमार साहू के द्वारा किया गया। डॉ ए के धमगाये शासकीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आमदनी का उचित प्रबंध करने के लिए रास्ता बताया उनका मुख्य उद्देश्य वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता से प्रशिक्षित कर जन समुदाय तक पहुंचाना।**

कार्यशाला के द्वितीय व्याख्यान में पूनाराम सिन्हा एलआईसी एमडीआरटी ने स्वयं अपने जीवन का परिचय देते हुए व्यवसाय करने का तरीका वित्त रूप से मजबूत बनाने, इंश्योरेंस, पेंशन तथा वित्तीय सेवाओं की जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र पर उपस्थित मोहम्मद सरीफुद्दिन शेख सहायक उप निरीक्षक चिचोला द्वारा साइबर क्राइम गतिविधि श्रृंखला जैसे एटीएम का उपयोग करते समय सावधानी, बैंकिंग फ्रॉड होने पर 455 में शिकायत दर्ज, यातायात नियमों, नए कानून की सूचना महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं पहुचाएं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर के ठाकुर द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं वित्तीय साक्षरता कार्यशाला से लाभान्वित हो रहे है। कार्यशाला का आभार प्रदर्शन हेमलता गायकवाड द्वारा किया गया। कार्यशाला मे दीपक कुमार साहू के द्वारा छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी तथा फीडबैक लिया गया, कार्यशाला मे सुश्री सोनल नागवंशी, श्रीमती रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी तथा पंजीकृत विद्यार्थी उपस्थित थे।

# आलकन्हार स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा



बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार आलकन्हार (मोहला) स्कूल में गुरू पूर्णिमा का त्योहार मनाया गया। जिसमें माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक हीरालाल आर्य, व बच्चों के द्वारा सरस्वती माता के तैल्य चित्र पर पुजा वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

शिक्षक हीरा लाल आर्य ने कहा हमारा जीवन हमारा नहीं है, बल्कि उन तमाम लोगों का है जिनकी हमारी शिक्षा पर अहम भूमिका रही है जैसे हमारी प्रथम गुरु हमारे माता-पिता हमारी पहली गुरु हैं जिन्होंने हमें चलना, बोलना कपड़े पहनना सीखाया। फिर भी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक जिन्होंने आप सब पर विशेष ध्यान देते हुए जीवन में कुछ बनने और आगे बढ़ाने की सीख दी हो यह सभी गुरु हैं जिन्होंने हमें विशेष रूप में ध्यान देते हुए जीवन में कुछ बनने और आगे बढ़ाने की सीख दी हो के सभी गुरु हैं जिन्हें हमारे जीवन में आगे बढ़ाने इस गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हम उन्हें शत-शत नमन करते हैं धन्यवाद व्यापित।

इस अवसर में हीरालाल मौर्य, रेश कुमार धलेन्द्र, विनोद कुमार सिन्हा, और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शाला के बच्चे और रसोईया, सफाई कर्मी उपस्थित थे। और कार्यक्रम का समापन बच्चों में नारियल लायचीदाना मिठाई बांटकर किया गया।

# युगांतर में गुरू पूर्णिमा पर्व आयोजित




**राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में गुरू पूर्णिमा पर्व आयोजित हुआ। इस अवसर पर हिंदी शिक्षक राजेश चौबे ने कहा कि गुरू पूर्णिमा के दिन महान मनीषी वेद व्यास जी का अवतरण हुआ था। वेद व्यास जी ने 18 महापुराणो की रचना करके भारतीय संस्कृति का परचम विश्व में लहराया। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए संस्कृत शिक्षक चितरंजन बेहरा ने संस्कृत के श्लोक का गायन करके गुरू की महिमा का बखान किया।**

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने समस्त गुरूजनों को हृदय से प्रणाम किया। उन्हें इस पर्व की शुभकामनाएँ दी, जिससे सारा विद्यालय परिसर भावपूर्ण हो गया। समारोह का संचालन कार्यक्रम प्रभारी वंदना सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने किया। समारोह में पी.आर.ओ. स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। गुरू पूर्णिमा के अवसर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी है।

# उपवास रहकर मंदिर पहुंची महिलाओं व युवतियों को पौधा भेंट किया



ठेलकाडीह (दावा)। सावन के पहले सोमवार को उपवास रखकर पहुंची महिलाएं एव युवतियों को पौधा भेंट कर उसे रोपण करने का संकल्प दिलाया गया द्य सोमवार को स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने ग्राम बखत रेंगाकठेरा में महिलाओं व युवतियों को शिव मंदिर के पास बेल पौधा वितरण किया द्य साथ ही उन्हें रोपण कर उसे पेड़ बनाने कहा द्य वर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में बेल के पेड़ का बहुत महत्व है, लोग इसके पेड़, फल, पत्ते और लकड़ी का उपयोग पूजन के लिए करते हैं। मान्यता है कि बेल के पेड़ में साक्षात भगवान शिव का वास होता है और भोलेनाथ को इस पेड़ के फल, फूल और पत्ते बेहद प्रिय है। कोरोना काल ने हर किसी को इसके महत्व को समझा दिया है। आक्सीजन की कमी इस कद्र हुई की अस्पतालों में इसके लिए मारामारी शुरू हो गई थी। कई स्थानों पर लोगों ने आक्सीजन की कमी से दम तक तोड़ दिया। ऐसे में लोग आक्सीजन के स्त्रोत माने जाने वाले पौधों के महत्व को अब समझ रहे हैं। महिलाओं व युवतियों ने संकल्प लिया।

# संत ऋषभ सागरजी मसा के जीवन दर्शन पर सात दिवसीय शिविर

**बालोद (दावा)। संत ऋषभ सागरजी मसा ने जीवन दर्शन पर आधरित सात दिवसीय शिविर जिसका शीर्षक है हम स्वर्ग धरा पर लायेंगे पर आज प्रथम दिन अपना संबोधन प्रारम्भ करते हुए कहा कि हम मोक्ष और स्वर्ग के बारे में बचपन से सुनते आ रहे हैं।**



मोक्ष वह स्थान है जहाँ सुख-दुख, रोग-शोक, जन्म मृत्यु नही होती आत्मा को सिर्फ आनंद की अनुभूति होती है,वहीं स्वर्ग के बारे में धारण है कि वहाँ सभी तरह की सुख की अनुभूति होती है दुख नही होता।दोनो में अंतर इतना है कि एक शरीर के स्तर की बात है तो दूसरा आत्मा के।हमें स्वर्ग का आकर्षण तो है किंतु मोक्ष का आकर्षण नही क्योंकि हम शरीर को आत्मा से ऊपर मान बैठे हैं ओर शायद इसीलिए भौतिक चीजों में ही सुख दिखाई देता है।ज्ञानी कहते हैं वाणी और व्यवहार से वर्तमान जीवन मे भी स्वर्ग की अनुभूति की जा सकती है। कभी भारत ऐसा ही ऐसा ही देश था ।

सभी में संतुष्टि दिखाई देती थी, जहां अतिथि में भगवान दिखाइ देते थे अब वह इतिहास की बातें हो गई है, अब तो परिवार के बड़ों के प्रतिभी सम्मान एवं त्याग की भावना दिखाई नहीं देती। ज्ञानियों का कहना है कि जीवन दुर्लभ है, पर क्या हमें यह दुर्लभ लगता है? इस जीवन का क्या हम मोल मानते हैं ?संत श्री ने एक उदाहरण के माध्यम से अपनी बातों को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक राजा था शिकार में सैनिकों के साथ गया हुआ था ,रास्ता भटक गया सैनिक पीछे छूट गए ,प्यास जोरों की थी ,इतना कि प्राण ही निकल जाए।संयोगवश एक पथिक उसे दिखाई दिया जिसके पास पानी भी था किंतु वह किसी भी कीमत पर उसे देने तैयार नही था,राजा उसे बदले में अपनी सारी सम्पत्ति, राजपाट तक देने को तैयार था।अर्थात सारी संपत्ति का मूल्य उस एक गिलास पानी से ज्यादा नही था,इसके विपरीत जीवन का मूल्य अनमोल था ।इतने कीमती जीवन को सही ढंग से जीने का हमारा क्या प्रयास है इस पर चिंतन होना चाहिये।सात दिनों तक संतश्री का जीवन दर्शन पर संबोधन होगा जिसका विषय है 'हम स्वर्ग धरा पर लायेंगे'।

सम्प्रदाय के लोग भी प्रवचन में आ सकते है। प्रवचन प्रतिदिन प्रातः8.30बजे प्रारम्भ होता है । भवन में 68 दिवसीय एकासना तप चल रहा है। संभवनाथ जैन मंदिर में गुरु पूर्णिमा से 68 दिवसीय दादा गुरुदेव का इक्तिसा भी प्रारंभ हो गया है जिसका समय रात्रि8 बजे से8.45 रखा गयाहै। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री शांति गुरुदेव भक्तमंडल द्वारा भक्ति भी की गई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत आने वाले रामनगर वार्ड क्रमांक 8, बलरामदास वार्ड क्रमांक 15, बल्देव प्रसाद वार्ड क्रमांक 16 एवं रेवाडीह वार्ड क्रमांक 21 के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 6 अगस्त 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। कार्यकर्ता पद के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) जिला राजनांदगांव में सीधे अथवा पंजीकृत डाक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

# समावेशी और जनकल्याणकारी है बजट, ग्रामीण, किसान और युवाओं की होगी उन्नति-लक्ष्मीनारायण गुप्ता



डोंगरगांव (दावा)। पूर्व नपं अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीनारयण गुप्ता ने केंद्रीय बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया देते हुए बजट को विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रावधानों की सराहना की और इसे देश सहित प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। विजय शर्मा ने गृह विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता परियोजनाओं के लिए आवंटित राशि से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार होगा। तकनीकी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों को भी सराहा। उन्होंने कहा कि नए उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। पांच साल में 500 टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप, स्किल इंडिया के तहत युवाओं को प्रशिक्षित और पुनर्प्रशिक्षित करने के कदम से देश में तकनीकी दक्षता बढ़ेगी।

# भारी बारिश से मोंगरा लबालब फिर छोड़ा गया 40 हजार यूसेक पानी

## शिवनाथ नदी व नाले उफान पर... खाली कराए गए डेढ़ दर्जन गांव

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित पूरे जिले भर में 4-5 दिनों से हो रही बारिश से वनांचल क्षेत्र का मोंगरा बैराज लबालब हो गया है। आलम यह है कि मोंगरा बांध में ज्यादा पानी रोक कर रखना खतरे से खाली नहीं है। इसलिए बगैर मांगे ही 40 हजार क्यू सेक पानी शिवनाथ नदी के लिए छोड़ दिया गया है। इसके पहले मोंगरा से 30 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। इससे शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ नदी सहित उनके अनुसांगिक नदी नाले नहर आदि का जलस्तर बढ़ गया है। सभी का पानी शिवनाथ में समाने के कारण शिवनाथ नदी उफान पर है। इससे नदी किनारे बसने वाले गांवों पर खतरा उत्पन्न हो गया है।

बता दे कि जिले की नदिया उफान पर आने से प्रशासन एलर्ट हो गया है और नदी किनारे बसे गांवों के लोगों में मुनादी करा दी गई है कि वे लोग नदी के नजदीक न जाए। प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लगभग 17 गांवों को खाली करा दिए गए है। नदी किनारे में ईट भट्ठा चलाने वाले व अन्य कार्य करने वाले बस्तियों को हटा दिया गया है। इसके अलावा नदी किनारे से लगे खेतों में नहीं जाने के लिए गांवों में ताकीद करा दी गई है। बता दे कि शिवनाथ नदी में बाढ़ की स्थिति बनने से आसपास के खेत लबालब हो गए है। फसले डूब गई है। इससे किसान परेशान होने लगे है।





### शिवनाथ का पुराना पुल डूबा

बताते चले कि पिछले चार-पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश से शिवनाथ नदी उफान पर है। इसका पुराना पुल पूरी तरह डूब गया है जिससे आवागमन पूरी तरह बंद हो गई है। प्रशासन ने मोहारा पुल से होकर आक्सीजोन जाने वाले रास्ते को बेरिकेट लगा कर बंद कर दिया गया है। इसी तरह नदी से लगे ग्राम भवरमरा की ओर अथाह पानी का सैलाब दिख रहा है। जिससे ग्राम भवरमरा भोथली के ग्राम वासियों में डर जैसा माहौल बना हुआ है। बता दे कि पिछले 24 घंटों में जिले के 7 तहसीलों में 20.5 मि.मी औसत बारिश हुई है। इसमें सबसे ज्यादा राजनांदगांव तहसील में 507 मि.मी. व सबसे कम लालबाग नगर (पायरी) में 7.5 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है वही डोंगरगढ़ में 9 मि.मी. बारिश होना बताया जा रहा है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले 2 दिनों में प्रदेश के अनेक स्थानों में गरज चमक कर व्रजपात सहित अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

इधर शहर में भी लगातार बारिश से निचली बस्तियों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है। हालांकि इसके लिए नगर निगम द्वारा बाढ़ नियंत्रण के लिए टीम बनाई गई है। सोमवार को सुबह से ही निगम की टीम शहर के निचली बस्तियों के साथ जल भराव वाले क्षेत्रों जुटी रही। बता दे कि इस बारिश से शहर में कैलाश नगर गंज चौक जनता कालोनी, नंदई, इंदिरा नगर, बसंतपुर वार्ड के कई घरों में पानी घुसने से लोग परेशान हुए। मोतीपुर, राजीव नगर में तो घरों में पानी घुसने से घरों के सामान बर्तन आदि तैरने लगे थे। बारिश थमने के बाद महापौर व निगम आयुक्त निचली बस्तियों के निरीक्षण करने के लिए निकले व नालियों की सफाई कराई व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

# विकसित भारत और विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर भारत का पहला कदम- मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने आज संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट को विकसित भारत और विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर भारत का पहला कदम बढ़ाने वाला बजट बताकर इस बजट की सराहना की है।



उन्होंने कृषि के क्षेत्र में खेती के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्म जारी किए जाने की पहल एवं इस साल कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड रुपए के बजट प्रावधान को कल्याणकारी बताया है। बजट में युवाओं के लिए दो लाख करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है। अगले 5 वर्षो की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाना भी युवाओं के लिए हितप्रद साबित होगा । बजट में तरुण लाभार्थियों के लिए मुद्रा लोन की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख से 20 लाख किया गया है और स्वरोजगार को बढ़ावा दिया गया है। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए 11500 करोड़ का पैकेज दिया गया है। महिलाओं और बालिकाओं को लाभान्वित करने के लिए 3 लाख करोड़ का पैकेज दिया गया है।

पीएम आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ अतिरिक्त मकान की घोषणा की गई है जिसके लिए 3 लाख करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया है जो उल्लेखनीय है। आम आदमी के लिए कैंसर जैसी घातक बीमारी की दवा सस्ती की गई है जबकि मध्यम वर्गीय जनता को इनकम टैक्स में राहत देते हुए स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50,000 से बढ़कर 75,000 किया गया है। जनता के लिए सोलर पैनल में सब्सिडी बढ़ाई गई है जिससे घरेलू ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा सरकार पर निर्भरता कम होगी एवं पर्यावरण को हानि से बचाया जा सकेगा।

# श्री रामलला दर्शन योजना : अयोध्या में श्री रामलला दर्शन करने जिले के 91 श्रद्धालु रवाना

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 91 श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन दुर्ग रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जिले के सभी विकासखंडों के 91 श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री रामलला दर्शन करने के लिए दुर्ग रेल्वे स्टेशन भेजा गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को श्री रामलला के दर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### कलेक्टर ने श्रद्धालुओं को दी बधाई एवं शुभकामनाएं



श्रद्धालुओं को अयोध्या में निःशुल्क श्री रामलला के दर्शन कराया जाएगा। जिले के श्रद्धालुओं को दुर्ग स्टेशन से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या के लिए रवाना किया गया, जहां उन्हें भोजन, नाश्ता, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 2 अनुरक्षक शासकीय कर्मचारियों को साथ भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के निवासियों को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कराने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के बुजुर्ग योजना का लाभ ले सकते हैं। आज यहां राजनांदगांव से रवाना होने वाले श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन के लिए बहुत खुशी व्यक्त की। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम यात्रा के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन ग्राम पंचायत तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों में देना होगा।

आवेदन के साथ नवीनतम रंगीन फोटो के साथ ही पहचान और निवास के लिए राशनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या राज्य सरकार द्वारा जारी अन्य दस्तावेज में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक अपने नजदीकी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या जिला पंचायत स्थित कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर उप संचालक श्री डी. कौशिक, उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और जाने वाले श्रद्धालु मौजूद थे।

# नवाचार और विकास को प्रगति देने वाला बजट - सांसद संतोष पाण्डेय

राजनांदगांव (दावा)। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि बजट से विकसित भारत के संकल्प को गति मिलेगा एवं बजट से नवाचार, अनुसन्धान को बढ़ावा मिलेगा।



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जाएगी, जिसके तहत 25000 ग्रामीण बस्तियों को हर तरह के मौसमों के अनुकूल सड़कें उपलब्ध कराई जाएंगी। कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड़ के प्रावधान किया गया है जो अब तक के सबसे बड़े कृषि बजट को प्रदर्शित करता है साथ ही प्रकृतिक कृषि को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल तक बढ़ाने से मोदी सरकार की किसानो के प्रति गहरी संवेदनाओ को प्रदर्शित करता है। कैंसर की जीवन रक्षक दवाओ पर सीमा शुक्ल कम कर कैंसर मरीजों को इलाज में बड़ी राहत दी है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने आगे कहा की अंतरिम बजट प्रस्तुत करते समय वित्त मंत्री जी ने चार प्रमुख चीजो पर ध्यान केन्द्रित किया था गरीब, महिलाये, युवा, अन्नदाता जिसे आज प्रस्तुत बजट में चरितार्थ करते हुए उन्होंने सभी वर्गों का समावेश किया है। विकसित भारत को समर्पित बजट के लिए सांसद पाण्डेय ने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है।

# शहर की सड़कों की मरम्मत के लिए नेता प्रतिपक्ष का आयुक्त को पत्र

राजनांदगांव (दावा)। निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने शहर के सभी वार्डों में सड़क मरम्मत की मांग रखी है। उन्होंने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर वार्ड क्रं. 1 से लेकर वार्ड क्रं. 51 में जर्जर सड़क पर तत्काल मरम्मत किए जाने की जरुरत बताई है।



**सभी वार्डों की प्रमुख सड़कों को शीघ्र ठीक करने की मांग की**

उन्होंने कहा कि, शहरवासी लगातार सड़क से संबंधित समस्याएं लेकर आ रहे हैं। बारिश के दौरान इससे परेशानी बढ़ गई है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि, गौरव पथ, मानव मंदिर से लेकर कुंआ चौंक तक, आरके नगर चौक से महाराणा प्रताप चौक, मोतीपुर से रामनगर-शंकरपुर मार्ग, गंज चौक से गौरीशंकर पेट्रोल पंप, केसर नगर, इंडस्ट्रीज एरिया सहित शहर के अधिकाशं हिस्सों में सड़क पर गड्ढों की शिकायतें आ रही हैं। बारिश के दौरान इनमें पानी भर जाने से दुर्घटना का भी भय बना हुआ है। रेवाडीह, पेंड्री, सिंगदई, मोहड़, कन्हारपुरी, लखोली, नेहरु नगर, पटेल नगर, कैलाश नगर, भरकापारा इलाके में भी राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शहर के प्रमुखों मार्गों में आ रही दिक्कतों का जल्द समाधान किए जाने की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष ने इस संदर्भ में आयुक्त को पत्र लिखकर शीघ्र मरम्मत किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।




# कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।



- जनदर्शन में जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने अपनी समस्याओं को सीधे रखा कलेक्टर के समक्ष
- कलेक्टर ने जनसामान्य की समस्याओं को शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल को आज जनदर्शन में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पारागांव खुर्द निवासी श्री व्यास वर्मा ने नवीन राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला खाद्य अधिकारी को निराकरण के लिए निर्देशित किया। छुरिया विकासखंड के ग्राम डुमरडीह के ज्ञानदास कोटेगंला ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लाभ दिलाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह डोंगरगढ़ कंडरापारा निवासी राजेश कुमार कंडरा ने बसोड़ बही पर्ची प्रदाय करने के लिए आवेदन किया। ग्राम डिलापहरी के दिव्यांग श्री कुमार वर्मा ने अपना और अपनी पत्नी श्रीमती धनेश्वरी का नाम जनगणना सूची में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com